RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

पेज 07



फ्रॉम पिंक टू पावर पैनल में शामिल होंगी तापसी पन्नू सिनेमा में महिलाओं की रूढ़ियों पर होगी बात

VOL: 03 | ISSUE 206 | WEDNESDAY DATE 19-08-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### जेपी नड्डा की एम्स में हुई एंजियोप्लास्टी, हालत स्थिर



नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त । केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा की 17 अगस्त को एंजियोप्लास्टी की गई। एम्स, दिल्ली की ओर से 18 अगस्त को जारी प्रेस रिलीज में बताया गया कि उनकी हालत अब स्थिर हैं और वह अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में डॉक्टरों की निगरानी में हैं। इससे पहले 14 अगस्त को भी अस्पताल ने बयान जारी कर बताया था कि मंत्री का स्वास्थ्य स्थिर है। 13 अगस्त की शाम बेचैनी की शिकायत के बाद उन्हें दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया था। भर्ती के बाद डॉक्टरों ने उनकी जांच की और कोरोनरी एंजियोग्राफी से संबंधित मेडिकल टेस्ट भी किया गया था। एम्स की डॉ. रीमा दादा के अनुसार, बेचैनी के कारण मंत्री को भर्ती किया गया था। एंजियोग्राफी के बाद उन्हें कार्डियोलॉजी विभाग में भर्ती रखा गया और उनका स्वास्थ्य स्थिर बताया गया था।

### दीक्षांत में सीजेआई चीफ गेस्ट नहीं होंगे

मुंबई, यूटर्न/ 18 अगस्त । मुंबई के टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) के 86वें दीक्षांत समारोह में अब सीजेआई सूर्यकांत चीफ गेस्ट नहीं होंगे। 22 अगस्त को होने वाले समारोह में उनकी जगह टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सीएस प्रमेश मुख्य अतिथि होंगे। पहले सीजेआई सूर्यकांत को मुख्य अतिथि बनाया गया था और उन्हें दीक्षांत समारोह में भाषण देना था। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब हैदराबाद की नालसार यूनिवर्सिटी में 450 से ज्यादा छात्रों ने सीजेआई सूर्यकांत को दीक्षांत समारोह का मुख्य अतिथि बनाए जाने का विरोध किया था। इसके बाद काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने लॉ यूनिवर्सिटी के पूरे बैच के छात्रों को वकील के तौर पर एनरोल करने से रोकने का निर्देश दिया था। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जिसके बाद बीसीआई ने अपना आदेश वापस ले लिया था।

### फांसी सिस्टम खत्म करने की याचिका खारिज

नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त । सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मौत की सजा देने के लिए फांसी की मौजूदा व्यवस्था खत्म करने की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि फिलहाल ऐसा कोई आधार नहीं है, जिसके कारण फांसी को असंवैधानिक घोषित किया जाए। याचिका में फांसी को क्रूर, अमानवीय और दर्दनाम बताया गया था। इसकी जगह जहरीले इंजेक्शन, गोली मारने जैसे चार वैकल्पिक तरीकों से मौत की सजा देने की मांग की गई थी।

### टाटा संस की एजीएम पहली बार टली

मुंबई, यूटर्न/ 18 अगस्त । टाटा समूह के इतिहास में 18 अगस्त का दिन असामान्य रहा। टाटा संस की सालाना आम बैठक यानी एजीएम पहली बार तय समय पर नहीं हो सकी। बॉम्बे हाउस में चेयरमैन एन चंद्रशेखरन सुबह ही पहुंच गए थे, लेकिन जरूरी कोरम पूरा नहीं होने के कारण बैठक बिना किसी फैसले के स्थगित करनी पड़ी। मामला सिर्फ एक बैठक टलने तक सीमित नहीं है। इसके पीछे टाटा ट्रस्ट के भीतर चल रही कानूनी और प्रशासनिक पेचीदगी ने कंपनी के कई अहम फैसलों को फिलहाल रोक दिया है।

# महिला पेंशन को लेकर बड़ी राहत
## 27 अगस्त से मिलेगा आधिकारिक पत्र



### महिलाओं में योजना को लेकर अभूतपूर्व उत्साह

दिल्ली लक्ष्मी योजना को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह और रुचि देखने को मिल रही है। वर्तमान सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए गंभीरता से काम कर रही है और योजना का लाभ अब सीधे पात्र महिलाओं तक पहुंचने वाला है। बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि योजना की सफलता के लिए जिला स्तरीय समितियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समितियों के पदाधिकारियों से कहा कि प्रत्येक आवेदन की पूरी गंभीरता से जांच और निगरानी की जाए ताकि पात्र महिलाओं को बिना अनावश्यक देरी के योजना का लाभ मिल सके। जांच प्रक्रिया जितनी तेजी से पूरी होगी, मामलों का निस्तारण उतनी ही जल्दी होगा और पात्र महिलाओं तक पेंशन पहुंचाने की प्रक्रिया भी तेज होगी।

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त ।

दिल्ली सरकार की दिल्ली लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं को पेंशन का लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को योजना की समीक्षा के बाद बताया कि 27 अगस्त को तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में पात्र महिलाओं को पेंशन का आधिकारिक पत्र सौंपा जाएगा, जबकि 1 सितंबर से पेंशन की राशि सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचनी शुरू हो जाएगी। योजना के तहत महज 18 दिनों में करीब आठ लाख महिलाओं ने पंजीकरण कराया है और पांच लाख से अधिक आवेदन अंतिम रूप से जमा हो चुके हैं। रेखा सरकार का कहना है कि यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी और पात्र महिलाओं को नियमित रूप से योजना का लाभ मिलता रहेगा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में दिल्ली लक्ष्मी योजना की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव राजीव वर्मा के अलावा योजना के लिए गठित जिला स्तरीय स्वीकृति, निगरानी एवं शिकायत निवारण समितियों (डीएलएएमजीआरसी) के अध्यक्ष व पदाधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में योजना की प्रगति की समीक्षा की गई और इतने कम समय में हुए कार्य की सराहना की गई।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बैठक में बताया कि योजना के शुभारंभ के बाद महज 18 दिनों में करीब आठ लाख महिलाओं ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया है, जबकि पांच लाख से अधिक आवेदन अंतिम रूप से जमा (फाइनल सबमिट) किए जा चुके हैं।

इतने कम समय में दिल्ली की महिलाओं की ओर से मिला यह अभूतपूर्व समर्थन ऐतिहासिक है। इससे पहले सरकार की किसी योजना को इतने कम समय में इस स्तर का जनप्रतिसाद नहीं मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तरीय समितियों में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं। ऐसे में यदि किसी आवेदन में कोई तथ्य संदिग्ध प्रतीत होता है तो उसकी गंभीरता से जांच की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि सरकार दिल्ली लक्ष्मी योजना के आधिकारिक पोर्टल पर जल्द ऐसी व्यवस्था करने जा रही है, जिसके तहत जिन पात्र महिलाओं ने आवेदन में गलत अथवा अधूरी जानकारी दर्ज कर दी है, उन्हें उसमें सुधार कर दोबारा अवसर दिया जा सकेगा। अभी तक योजना के क्रियान्वयन में किसी समस्या की सूचना नहीं मिली है, इसका प्रमुख कारण जिला स्तरीय समितियों द्वारा गंभीरता से किया जा रहा कार्य है।

### दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन गिरफ्तार, जल बोर्ड घोटाले में ACB का एक्शन



» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त ।

दिल्ली सरकार की एंटी करप्शन ब्रांच (ACB) ने दिल्ली जल बोर्ड के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) टेंडर घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है. एसीबी ने पूर्व जल मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र कुमार जैन को गिरफ्तार कर लिया है. एसीबी ने सत्येंद्र जैन और सीनियर आईएएस अफसर उदित प्रकाश राय समेत कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

एसीबी की ओर से गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों में उदित प्रकाश राय (पूर्व सीईओ, दिल्ली जल बोर्ड), अंकित श्रीवास्तव (पूर्व कॉन्ट्रैक्चुअल कंसल्टेंट, DJB), नागेंद्र यादव (प्रोपराइटर, AN इंटरप्राइजेज), राजा कुमार कुर्रा (मालिक, यूरोटेक इनवायरमेंट प्राइवेट लिमिटेड) और पंकज वर्मा (प्रोपराइटर, श्रीजंहार) शामिल हैं. ये मामला 11 मई 2024 को दर्ज एफआईआर (नंबर 10/2024) से जुड़ा है, जिसमें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अलावा धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश की धाराएं शामिल हैं. जांच एजेंसी के मुताबिक, ये मामला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स के अपग्रेडेशन और क्षमता बढ़ाने के लिए जारी टेंडर से जुड़ा है.

# भाजपा ने बिहार जिताने वाले विनोद तावड़े को बनाया यूपी प्रभारी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त ।





भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश, पंजाब और गुजरात के लिए नए राज्य प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त किए। बिहार चुनाव जिताने वाले विनोद तावड़े को उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। जगदीश ईश्वरभाई पटेल को सह-प्रभारी नियुक्त किया है। पंजाब की जिम्मेदारी सतीश पूनिया को दी गई है। गुजरात का जिम्मा तरुण चुग को सौंपा गया है। इन तीनों राज्यों में अगले साल चुनाव हैं। भाजपा अध्यक्ष ने एक दिन पहले अपनी नई टीम का ऐलान किया था। इसमें 65 पदाधिकारियों की घोषणा की थी। भाजपा के अनुसार, नवनियुक्त भाजपा राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सदस्य सतीश पूनिया को पंजाब में पार्टी मामलों का प्रभारी नियुक्त किया गया है। नवीन ने राज्यसभा सदस्य तरुण चुघ को गुजरात में पार्टी मामलों का प्रभारी बनाया है। भाजपा ने विज्ञप्ति जारी कहा कि ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

अन्य राज्यों के प्रभारियों की नियुक्ति उचित समय पर की जाएगी। तब तक वर्तमान प्रभारी व्यवस्था जारी रहेगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, ये नियुक्तियां अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए की गई हैं।

# ब्रिक्स सहयोग से पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने की क्षमता बढ़ेगी : भूपेंद्र यादव

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त ।



पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि ब्रिक्स संगठन ज्ञान साझा करने, प्रौद्योगिकी सहयोग और मजबूत संस्थागत साझेदारी के माध्यम से पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने की सामूहिक क्षमता को मजबूत कर सकता है।

श्री यादव ने मंगलवार को यहां भारत की अध्यक्षता में आयोजित 12वीं ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रिक्स की भारत की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस दृष्टि से निर्देशित है, जिसमें विकासशील देशों और वैश्विक दक्षिण की चिंताओं को एजेंडे में प्राथमिकता दी गई है।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता का क्षय, प्रदूषण और आपदा जोखिम जैसी पर्यावरणीय चुनौतियां विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए गंभीर हैं।

उन्होंने वनाग्नि की रोकथाम, तैयारी, प्रारंभिक चेतावनी, प्रभावी प्रतिक्रिया तथा आग की घटनाओं के बाद पुनर्बहाली के क्षेत्र में ब्रिक्स सहयोग मजबूत करने का आह्वान किया और कहा कि जलवायु वित्त, अनुकूलन और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाकर उन्हें महत्व देने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने मिशन लाइफ और 'एक पेड़ मां के नाम' जैसी पहलों का उदाहरण देते हुए कहा कि इनमें पर्यावरण संरक्षण के साथ जनभागीदारी और सामुदायिक स्वामित्व को जोड़ा गया है और इस तरह की पहल से पारिस्थितिकी तंत्र का पुनर्स्थापन और मानव विकास को साथ-साथ आगे बढ़ाया जा सकता है।

# पीआरडी जवानों का ड्यूटी भत्ता 600 रुपये करने का ऐलान, 31 हजार स्वयंसेवकों को कैशलेस इलाज की सौगात

» गोरखपुर, यूटर्न/ 18 अगस्त ।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवानों के लिए बड़ा ऐलान करते हुए उनके दैनिक ड्यूटी भत्ते को 500 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये करने की घोषणा की। साथ ही प्रदेश के 31 हजार से अधिक पीआरडी स्वयंसेवकों और उनके परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा की शुरूआत की। इसके तहत सरकारी और सूचीबद्ध अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

गोरखपुर में पीआरडी जवानों के सम्मेलन और कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी सरकारें आती हैं तो बदलाव दिखाई देता है और सभी के अच्छे दिन आते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पीआरडी स्वयंसेवकों की सेवाओं और उनके अनुशासन व सेवाभाव को देखते हुए उन्हें यह सुविधा उपलब्ध कराई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीआरडी स्वयंसेवकों ने प्रदेश में होने वाले विभिन्न आयोजनों को सफल बनाने के साथ राजस्व संबंधी मामलों में पुलिस और प्रशासन का सहयोग किया है। इसके अलावा यातायात व्यवस्था, चुनाव ड्यूटी समेत अलग-अलग जिम्मेदारियों में भी उन्होंने अपनी भूमिका निभाई है।

इन्हीं सेवाओं के प्रति सरकार की ओर से धन्यवाद के रूप में कैशलेस चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अब पीआरडी के 31 हजार से अधिक स्वयंसेवकों और उनके परिवारों को पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा सरकारी अथवा सूचीबद्ध अस्पतालों में मिलेगी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# दिल्ली सचिवालय में पुडुचेरी स्थापना दिवस पर सजा संस्कृति का रंग

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त ।**




दिल्ली सचिवालय में पुडुचेरी स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग की ओर से विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुडुचेरी की लोक एवं जनजातीय संस्कृति की रंगारंग प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान 20 से अधिक कलाकारों ने विभिन्न लोकनृत्यों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पुडुचेरी की समृद्ध परंपराओं और जीवनशैली की झलक पेश की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पुडुचेरी स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वहीं, कला, संस्कृति एवं भाषा तथा पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने पुडुचेरी की सांस्कृतिक विरासत को नमन करते हुए कहा कि भारत की सांस्कृतिक विविधता देश की सबसे बड़ी ताकत है। अलग-अलग राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की लोक परंपराएं, कला, संगीत और नृत्य देश की साझा विरासत को समृद्ध करते हैं। कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार का प्रयास है कि राजधानी में देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की कला एवं लोक परंपराओं को मंच उपलब्ध कराया जाए। ऐसे कार्यक्रम न केवल लोगों को भारत की विविध संस्कृति से परिचित कराते हैं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक संवाद को भी मजबूत करते हैं।

# दिल्ली के नए प्रशासनिक मॉडल को संधू का ग्रीन सिग्नल
# 13 जिलों में बनेंगी 13 जिला विकास समितियां

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त ।**



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने राजधानी में विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ाने और विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। एलजी ने दिल्ली में जिला विकास समितियों के पुनर्गठन और व्यापक संशोधन की व्यवस्था को मंजूरी दे दी है। इसके तहत साल 1999 से चले आ रहे पुराने ढांचे को बदलते हुए अब दिल्ली के सभी 13 राजस्व जिलों के हिसाब से 13 जिला विकास समितियां बनाई जाएंगी। पहले इनकी संख्या केवल 9 थी। सरकार का मुख्य मकसद जिला स्तर पर विकास योजनाओं की सीधी निगरानी करना, प्रशासनिक अड़चनों को दूर करना और जनता की शिकायतों का समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। पुनर्गठित व्यवस्था में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के प्रधान सचिव को एपेक्स कमेटी का स्थायी सदस्य बनाया गया है। दिल्ली में सड़क, फ्लाईओवर और अन्य प्रमुख सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में पीडब्ल्यूडी की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए यह बदलाव किया गया है। इससे बड़े विकास कार्यों की योजना बनाने से लेकर उनके क्रियान्वयन और जमीनी स्तर पर निगरानी तक के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होने की उम्मीद है। साथ ही विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की कमी के कारण आने वाली अड़चनों को दूर करने में भी मदद मिलेगी। जिला विकास समितियों का मुख्य उद्देश्य विकास कार्यों को जिला स्तर तक प्रभावी तरीके से पहुंचाना और स्थानीय जरूरतों के आधार पर योजनाओं की निगरानी करना है। नई व्यवस्था में निर्वाचित प्रतिनिधियों, स्थानीय निकायों और विभिन्न सरकारी विभागों को एक मंच पर लाकर काम करने पर जोर दिया गया है। इससे सड़कों, बुनियादी ढांचे, नागरिक सुविधाओं और अन्य विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के साथ-साथ जन शिकायतों के समयबद्ध निपटारे की व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद है। एलजी की मंजूरी के बाद दिल्ली में जिला विकास समितियों का नया ढांचा राजधानी के 13 राजस्व जिलों के अनुरूप काम करेगा। सरकार का जोर विकास योजनाओं की जमीनी निगरानी बढ़ाने, विभागों के बीच तालमेल मजबूत करने और जनता को अधिक जवाबदेह एवं त्वरित प्रशासन उपलब्ध कराने पर रहेगा। नई व्यवस्था के तहत मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली एपेक्स कमेटी में दिल्ली मंत्रिमंडल के सभी मंत्री, सभी 13 जिला विकास समितियों के अध्यक्ष, मुख्य सचिव, एमसीडी की स्थायी समिति के अध्यक्ष और प्रमुख विभागों के प्रशासनिक प्रमुख शामिल होंगे। कमेटी में वित्त, शहरी विकास, योजना, सामान्य प्रशासन, एमसीडी, एनडीएमसी और दिल्ली जल बोर्ड सहित महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी भी शामिल रहेंगे।

# खाद्य विभाग की कार्रवाई, पनीर और खोया के तीन नमूने जांच के लिए संग्रहित

**गौतमबुद्ध नगर, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** जनपदवासियों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटखोरी के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है। उत्तर प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) के आयुक्त, लखनऊ तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर विभाग की टीमें लगातार विभिन्न बाजारों, थोक विक्रेताओं और डेयरियों का निरीक्षण कर रही हैं। मंगलवार को नोएडा में अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए पनीर और खोया के कुल तीन नमूने जांच के लिए एकत्र किए गए। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि आमजन को शुद्ध और गुणवत्ता युक्त दूध तथा दूध से बने उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की अलग-अलग टीमों ने मंगलवार को नोएडा के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित डेयरी और पनीर विक्रेताओं के यहां पहुंचकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की और निर्धारित प्रक्रिया के तहत नमूने लिए। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, विजय बहादुर पटेल और अमर बहादुर सरोज की टीम ने नोएडा के सेक्टर-45 स्थित डाबर डेयरी का निरीक्षण किया। यहां से टीम ने पनीर का एक नमूना तथा खोया का एक नमूना संग्रहित किया। इसके अलावा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओपी सिंह और विशाल गुप्ता की टीम ने सेक्टर-120 नोएडा स्थित जोडियाक आम्रपाली मार्केट में कार्रवाई की। टीम ने वहां नीरज गुप्ता नामक पनीर विक्रेता के प्रतिष्ठान से पनीर का एक नमूना जांच के लिए लिया। विभाग की दोनों टीमों द्वारा विभिन्न थोक विक्रेताओं और डेयरी प्रतिष्ठानों से पनीर के दो तथा खोया का एक, कुल तीन नमूने संग्रहित किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### टेंट संचालक को जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**लोनी, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** विकास नगर कॉलोनी में मामूली विवाद के बाद टेंट संचालक और उसकी पत्नी से मारपीट की गई है। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर जान से मारने की धमकी दी। थाना अंकुर विहार पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। विकास नगर कॉलोनी निवासी ललित सागर ने बताया कि उनकी टेंट की दुकान पर सादुल्लाबाद कॉलोनी निवासी संदीप काम करता है। कुछ दिन पहले वह दुकान पर बैठे थे और इस दौरान कॉलोनी के पास मिलक गांव के नसीम, समीर, रियाजु और आमिर निवासी गोकलपुरी दिल्ली आए। चारों ने कर्मचारी से मारपीट की और विरोध करने पर वह और उनकी पत्नी सोनिया ने बीच बचाव का प्रयास किया। आरोप है कि चारों ने मारपीट करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। एसीपी अंकुर विहार अमरदीप मौर्य ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### मेंटेनेंस शुल्क के विरोध में शिप्रा सनसिटी निवासियों ने निकाला कैंडल मार्च

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** शिप्रा सनसिटी में मासिक रखरखाव शुल्क में 75 प्रतिशत की एकमुश्त बढ़ोतरी का विरोध बढ़ता जा रहा है। रविवार रात टीम संकल्प के आ'ान पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने सोसायटी में कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने तानाशाही नहीं चलेगी और बढ़ा हुआ मेंटेनेंस वापस लो जैसे नारे लगाए। स्थानीय निवासी स्वाति ने बताया कि सोसायटी के लोग रखरखाव शुल्क बढ़ाने से नाराज नहीं हैं, बल्कि एकमुश्त बढ़ोतरी के विरोध में हैं। शुल्क वृद्धि के विरोध में चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में अब तक करीब 900 लोग हस्ताक्षर कर चुके हैं। रविवार रात आठ बजे सेंट्रल पार्क से शुरू हुआ मार्च सोसायटी की विभिन्न गलियों से होते हुए एओए कार्यालय पहुंचा। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने एओए पदाधिकारियों को फोन पर बातचीत के लिए बुलाया, लेकिन कोई पदाधिकारी नहीं पहुंचा। इससे नाराज लोगों ने एओए अध्यक्ष आलोक कुमार के फ्लैट वाले ब्लॉक के नीचे भी प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय और जीडीए में की गई है। अगर जल्द प्रशासन से समाधान नहीं मिलता है। सोसायटी में आंदोलन तेज कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# दिल्ली में कचरा प्रबंधन की नई व्यवस्था
## घर से ही चार श्रेणियों में अलग करना होगा कूड़ा



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त**

दिल्ली में कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए दिल्ली नगर निगम ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में नए नियमों की प्रमुख विशेषताओं, कचरे को स्रोत पर ही अलग करने, पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण और वैज्ञानिक तरीके से कचरा प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से नए नियमों की जानकारी अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचाने और स्वच्छता अभियान में लोगों की भागीदारी बढ़ाने की अपील की गई। कार्यशाला में उप महापौर डॉ. मोनिका पंत, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन जय भगवान यादव, स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सत्य पाल सिंह, डेम्स समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर, अपर आयुक्त अरुण कुमार मिश्रा सहित विभिन्न जोन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, स्थायी समिति के सदस्य, डेम्स समिति के सदस्य और पार्षद मौजूद रहे। कार्यशाला के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 पर आधारित एक विशेष पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। इसमें नए नियमों के प्रमुख प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया गया है।

# सफाईकर्मी की मौत के बाद दिल्ली में सियासत गरम, 'आप' ने पुलिस पर जबरन अंतिम संस्कार कराने का लगाया आरोप

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त**



दिल्ली में ड्यूटी के दौरान एक सफाई कर्मचारी की कथित निर्मम हत्या के बाद आम आदमी पार्टी और दिल्ली पुलिस के बीच टकराव बढ़ता नजर आ रहा है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पुलिस परिवार पर दबाव बनाकर जबरन अंतिम संस्कार करवाना चाहती है। पार्टी का आरोप है कि मृतक के परिजन न्याय और उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं, लेकिन पुलिस परिवार को अपनी इच्छा के मुताबिक अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर कर रही है।

'आप' नेताओं के मुताबिक, सफाई कर्मचारी की हत्या के बाद पिछले दो दिनों से हजारों सफाई कर्मचारी धरने पर बैठे हुए हैं। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए और परिवार को न्याय दिलाया जाए। पार्टी का आरोप है कि प्रदर्शन और मुआवजे की मांग के बीच पुलिस मृतक के शव को अस्पताल से उसके घर लेकर पहुंची और परिवार पर अंतिम संस्कार के लिए दबाव बनाया गया। आम आदमी पार्टी का दावा है कि मृतक के परिवार के सदस्यों को भी सुबह-सुबह पुलिस अपने साथ ले गई।

पार्टी नेताओं ने इसे बेहद गंभीर मामला बताते हुए सवाल उठाया कि आखिर परिवार की सहमति के बिना अंतिम संस्कार कराने की इतनी जल्दबाजी क्यों की जा रही है। 'आप' नेताओं का कहना है कि मृतक का परिवार गरीब है और दलित समाज से आता है, इसलिए सरकार और पुलिस को परिवार की मांगों को सुनना चाहिए और उन्हें न्याय दिलाने की दिशा में कार्रवाई करनी चाहिए।

इस पूरे मामले में आप के नेता सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली पुलिस पर दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस का रवैया लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। पार्टी की ओर से मृतक के परिजनों के हवाले से यह भी दावा किया गया है कि पुलिस उन्हें लगातार अंतिम संस्कार के लिए कह रही है। परिवार की मांग है कि पहले हत्या के मामले में न्याय मिले और उनकी मांगों पर सरकार स्पष्ट निर्णय ले। वहीं, आम आदमी पार्टी ने अपने विधायक कुलदीप कुमार को कथित तौर पर रात में हिरासत में लिए जाने और उनके घर की डीवीआर ले जाए जाने का भी आरोप लगाया है। पार्टी के विधायक संजीव झा ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि दिल्ली में ड्यूटी के दौरान एक सफाई कर्मचारी की हत्या बेहद दुखद और गंभीर घटना है।

उन्होंने कहा कि परिवार को न्याय दिलाने की आवाज उठाने वाले कुलदीप कुमार के बारे में जानकारी सामने आनी चाहिए। संजीव झा ने बताया कि वह डीसीपी ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के कार्यालय पहुंचे और कुलदीप कुमार के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की।

उनके मुताबिक, वह डीसीपी से मिलने और सफाई कर्मचारी के परिवार को न्याय दिलाने की मांग करने के लिए कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन उस समय डीसीपी अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# इग्नू ने जुलाई 2026 सत्र में दाखिले एवं पुनः-पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ाई: डॉ धर्म पाल

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 18 अगस्त । इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2026 सत्र में विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए दाखिले तथा पुनः-पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 तक बढ़ा दी है। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, करनाल के क्षेत्रीय निदेशक प्रमुख डॉ. धर्म पाल ने बताया कि यह अवसर विश्वविद्यालय के ओडीएल एवं ऑनलाइन मोड में संचालित अधिसूचित कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं प्रमाण-पत्र सहित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। इसी प्रकार, इग्नू में पहले से अध्ययनरत विद्यार्थी जुलाई 2026 सत्र के लिए अपना पुनः-पंजीकरण निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से पूरा कर सकते हैं। डॉ. धर्म पाल ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अंतिम तिथि का



इंतजार न करते हुए समय रहते अपना आवेदन एवं निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश/पुनः-पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने कहा कि इग्नू द्वारा दी गई यह अतिरिक्त अवधि उन विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है, जो किसी कारणवश पूर्व निर्धारित समय-सीमा में आवेदन नहीं कर पाए हैं। विद्यार्थी प्रवेश से पूर्व संबंधित कार्यक्रम की पात्रता, शुल्क एवं अन्य आवश्यक निदेशों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें। दाखिले एवं अन्य विवरण के लिए विद्यार्थी इग्नू के आधिकारिक पोर्टल एवं वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम सूचना देखें।

# विरसा पंजाब दा तीज समारोह में सना बनी तीज क्वीन, माही और शिल्पा ने भी जीते खिताब

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 18 अगस्त। सावन की मस्ती, पंजाबी संस्कृति की महक और तीज के पारंपरिक रंगों से सजा 'विरसा पंजाब दा झ तीज सेलिब्रेशन 2026' होटल एआर प्लाजा, मनीमाजरा में धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्टार ऑफ ट्राइसिटी ग्रुप एवं प्रीती अरोड़ा एंटरटेनमेंट्स की ओर से आयोजक प्रीती अरोड़ा के नेतृत्व में किया गया।



समारोह में महिलाओं ने पंजाबी संस्कृति और विरासत की खूबसूरत झलक पेश करते हुए पारंपरिक परिधानों, लोकगीतों, नृत्य और तीज की परंपराओं से माहौल को पूरी तरह सावन के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में झूले, पंजाबी गीत-संगीत, नृत्य, पारंपरिक परिधान प्रतियोगिता और स्वादिष्ट व्यंजनों ने समारोह की रौनक को कई गुना बढ़ा दिया। समारोह की मुख्य अतिथि जगजीत कौर काहलों रहीं। वहीं वीआईपी विशेष अतिथि संगीता कागड़ा, धर्मपत्नी रिंकू लुबाना, राजबीर सिंह भारतीया, सुभाष धीमान, तिलक एवं एक्सडिवाइन सोहेल सर ने विशेष रूप से शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

विशेष अतिथियों में रमेश गिल्होत्रा, रेनू कक्कर, उषा यादव, अनिकेत, सना एवं डॉ. पूनम, भूपिंदर कौर, नीरज ठाकुर, अरुषी और कोमल शामिल रहे। वहीं डॉ. रानी एवं योगिंदर अग्रवाल ने अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। तीज क्वीन प्रतियोगिता समारोह का मुख्य आकर्षण रही। प्रतिभागियों ने अपनी पारंपरिक पंजाबी पोशाक, आत्मविश्वास, खूबसूरत अंदाज और पंजाबी संस्कृति से जुड़े रंगों के साथ सभी का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन जूरी सदस्य महक बावा, रितु सिंह और सपना ने किया।

**हरियाली तीज प्रतियोगिता के परिणामः**

प्रथम स्थान – सना
द्वितीय स्थान – माही
तृतीय स्थान – शिल्पा

इसके अलावा समारोह में पूर्वा ने 'मिस तीज' का ताज अपने नाम किया, जबकि मीनू खुल्लर को 'मिसेज स्टार' के खिताब से नवाजा गया। सुंदर डेकोरेशन के लिए नैन प्रिया को सम्मानित किया गया।

विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान पंजाबी लोक संगीत और डांस ने खूब समां बांधा और महिलाओं ने सावन के झूलों व पारंपरिक गीतों का जमकर आनंद लिया। पूरे आयोजन में महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इसे यादगार बना दिया। आयोजक प्रीती अरोड़ा ने कहा कि 'विरसा पंजाब दा' का उद्देश्य पंजाबी संस्कृति, परंपराओं और लोक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का खूबसूरत माध्यम हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, जूरी सदस्यों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# नोएडा एयरपोर्ट के 27 किमी दायरे में लेजर और कृत्रिम रोशनी पर प्रतिबंध, बिना अनुमति इस्तेमाल पर होगी कार्रवाई




» नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की विमानन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने एयरपोर्ट के आसपास कृत्रिम रोशनी और लेजर बीम के इस्तेमाल को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नोएडा एयरपोर्ट के 27 किलोमीटर के दायरे में आने वाले प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार की ऐसी कृत्रिम रोशनी का उपयोग नहीं किया जा सकेगा, जिससे विमानों के संचालन और पायलटों की सुरक्षा प्रभावित होने की आशंका हो।

जिला प्रशासन के मुताबिक, भारतीय वायुयान अधिनियम, 2024 तथा एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 के नियम 66(1) के अंतर्गत 10 अक्टूबर 2023 को जारी अधिसूचना संख्या जीएसआर 733(ई) के नियम 6(1) में इस संबंध में प्रावधान किए गए हैं। इन्हीं प्रावधानों के तहत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास 27 किलोमीटर के दायरे को लेकर आवश्यक प्रतिबंध लागू किए गए हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में लेजर बीम, शो, डिस्प्ले अथवा अन्य किसी ऐसी कृत्रिम रोशनी का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा, जो आसमान की ओर निर्देशित होकर विमान के पायलटों के लिए परेशानी या खतरा पैदा कर सकती है। विशेष रूप से लेजर लाइट की तेज किरणें उड़ान के दौरान कॉकपिट तक पहुंचने पर पायलट का ध्यान भटका सकती हैं और कुछ परिस्थितियों में उनकी दृष्टि प्रभावित कर सकती हैं। इससे विमान के सुरक्षित संचालन पर गंभीर असर पड़ने की आशंका रहती है।

# नूंह मेवात रैली का न्यौता देने पानीपत आएंगे चौ अभय सिंह चौटाला: कपिल काबड़ी

» पानीपत, यूटर्न/ 18 अगस्त

इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी हर वर्ष की तरह जननायक चौ . ताऊ देवीलाल जी का जन्म दिवस को सम्मान दिवस के रुप में मनाती रही है। हर वर्ष की भांति इस साल को भी सम्मान दिवस समारोह के रूप में धूमधाम से नूंह (मेवात) में मनाया जाएगा।



सम्मान दिवस समारोह को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ अभय सिंह चौटाला प्रदेश के सभी 90 विधानसभा में जाकर कार्यकताओं से रूबरू होंगे और नूंह - मेवात रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का न्यौता देंगे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कपिल काबडी , प्रदेश उपाध्यक्ष एस .सी प्रकोष्ठ ने कहा कि 19-20 अगस्त को तय कार्यक्रम के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ अभय सिंह चौटाला 19 अगस्त को पानीपत शहरी विधानसभा व 20 को पानीपत ग्रामीण , समालखा, व इसराना विधानसभा के कार्यकताओं से रूबरू होकर उनमें जोश भरने का काम करेंगे। रैली को लेकर कार्यकर्ता में जोश है। और प्रदेश की जनता मौजूदा सरकार से तंग आ चुकी है और बदलाव चाहती है। 27 सितंबर को ताऊ देवीलाल जी के जन्म दिवस पर होने वाली नूंह मेवात रैली प्रदेश की राजनीतिक दिशा अकथनीय परिवर्तन का काम करेंगी।

# औद्योगिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए विनीत जैन सम्मानित

**शाहदरा, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में फ्रेंड्स कॉलोनी इंडस्ट्रियल एरिया एवं झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया के विकास, उद्यमियों की समस्याओं को उठाने तथा सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान के लिए विनीत जैन को सम्मानित किया गया। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जिलाधिकारी श्री अजय कुमार जी एवं शाहदरा की उप-जिलाधिकारी श्रीमती रीता कौशिक जी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों के सम्मान की पहल की गई। इसी क्रम में एसडीएम श्रीमती रीता कौशिक जी ने अपने कार्यालय में विनीत जैन को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विनीत जैन ने जिलाधिकारी श्री अजय कुमार जी एवं एसडीएम श्रीमती रीता कौशिक जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा क्षेत्र एवं समाज के लिए कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित करना उनके प्रयासों को नई ऊर्जा और प्रेरणा देता है।





# लाल सिंह आर्य को भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**अश्विनी वालिया, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर लाल सिंह आर्य को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी तेजपाल सिंह सहरावत ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि लाल सिंह आर्य के अनुभव एवं नेतृत्व क्षमता से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि समाज एवं राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने वाले नेतृत्व को नई जिम्मेदारी मिलना गौरव की बात है। तेजपाल सिंह सहरावत ने लाल सिंह आर्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

# ई-रिक्शा की बैटरी फटी, इमारत की पहली मंजिल में लगी आग, हादसे में दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 अगस्त ।** रघुबीर नगर इलाके में सोमवार सुबह एक इमारत की पहली मंजिल पर ई-रिक्शा की बैटरी फटने से आग लग गई। हादसे में दो लोग झुलस गए। दोनों को उपचार के लिए रघुबीर नगर स्थित गुरु गोविंद सिंह अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# राजस्व एवं आपदा प्रबन्धन मंत्री विपुल गोयल ने किया संत गुरु रविदास प्रथम उत्तर क्षेत्र नकद पुरस्कार वालीबाल गर्ल्स टूनार्मेंट का उद्घाटन

» पंचकूला, यूटर्न/ 18 अगस्त ।

हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबन्धन और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल ने आज ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम, सेक्टर-3 स्थित वॉलीबॉल ग्राउंड में संत गुरु रविदास ट्रॉफी के लिए आयोजित प्रथम उत्तर क्षेत्र नकद पुरस्कार वालीबाल गर्ल्स टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। टूनार्मेंट में उत्तर क्षेत्र की कुल आठ वॉलीबॉल टीमें भाग ले रही हैं।



इस अवसर पर श्री विपुल गोयल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें टूनार्मेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने उद्घाटन मैच भी देखा और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्री विपुल गोयल ने संत गुरु रविदास के नाम पर वालीबाल गर्ल्स टूनार्मेंट आयोजित करने के लिए हरियाणा स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के टूनार्मेंट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बेहतर मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीति की पूरे देश में सराहना हो रही है।

प्रभावी खेल नीति, मजबूत खेल अवसंरचना और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप आज हरियाणा के खिलाड़ी विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम देश और दुनिया में रोशन कर रहे हैं।

श्री विपुल गोयल ने कहा कि खेलों के क्षेत्र में हरियाणा ने देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है।

हाल ही में संपन्न ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण पदक सहित कुल 10 पदक हासिल किए। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि इनमें से 5 स्वर्ण पदक हमारी बेटियों ने जीते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हरियाणा स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा की एसोसिएशन वर्ष 2004 से ट्राई-सिटी रीजन में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बड़े स्तर पर लड़कों और लड़कियों के क्रिकेट तथा वॉलीबॉल को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है।

## जब मीम ही मैसेज बन गया, तो BJP ने मैसेज देने वाले को ही बदल दिया


संदीप शर्मा


BJP ने अपना डिजिटल वॉर रूम चलाने वाले व्यक्ति को बदल दिया है। पार्टी के सोशल-मीडिया सिस्टम के सबसे जाने-माने और आक्रामक चेहरों में से एक, अमित मालवीय को कळ और सोशल मीडिया विभाग के प्रमुख पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह दीपक म्हास्के को लाया गया है, जो चुनावी डेटा और संगठनात्मक काम के बैकग्राउंड वाले व्यक्ति हैं और उतने चर्चित नहीं हैं। आधिकारिक तौर पर, यह नए इखढ अध्यक्ष के तहत संगठनात्मक फेरबदल है। हालांकि, राजनीतिक नजरिए से इसके समय को नजरअंदाज करना मुश्किल है। इखढ को हाल ही में एक मुश्किल डिजिटल अनुभव से गुजरना पड़ाः मीम, युवाओं और सोशल मीडिया की भाषा में शुरू हुआ एक आंदोलन पार्टी के पसंदीदा राजनीतिक नैरेटिव से बाहर निकलकर मुख्यधारा की राजनीति के केंद्र में आ गया। जंतर-मंतर पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' का विरोध प्रदर्शन, जो शुरू में ठएएळ पेपर-लीक विवाद और शिक्षा पर केंद्रित था, युवाओं के गुस्से के एक बड़े इजहार में बदल गया। इन विरोध प्रदर्शनों के कारण आखिरकार शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा और इसने इतना राजनीतिक माहौल बनाया कि यह संसद तक पहुँच गया। जिस पार्टी ने एक दशक से ज्यादा समय डिजिटल राजनीति की कला को बेहतर बनाने में बिताया हो, उसके लिए यह एक बहुत बड़ी सीख वाला पल था। BJP ने वही किया जिसके लिए उसका राजनीतिक कम्युनिकेशन सिस्टम बना है। उसने मैसेज देने वाले पर हमला किया, आंदोलन की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए और बहस को असल मुद्दे से हटाकर प्रदर्शनकारियों की राजनीतिक पृष्ठभूमि पर केंद्रित करने की कोशिश की। मालवीय ने बार-बार तर्क दिया कि उखढ का आंदोलन असल में शिक्षा के बारे में नहीं था और आरोप लगाया कि यह अअढ समर्थित प्रोजेक्ट था जिसका मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाना था। लेकिन शायद इसी प्रतिक्रिया ने समस्या को उजागर कर दिया। कोई आंदोलन सिर्फ.इसलिए राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक नहीं हो जाता क्योंकि उसके आयोजकों की राजनीतिक सहानुभूति किसी खास दल के साथ है। न ही उसके इकोसिस्टम में किसी विपक्षी नेता की पहचान करने से उस मूल सवाल का जवाब मिलता है जो युवाओं को सड़कों पर ले आयाः लाखों छात्रों को प्रभावित करने वाली परीक्षा प्रणाली को विफल होने पर जवाबदेही से क्यों बचने दिया जाए? इसलिए, CJP की सबसे अहम उपलब्धि शायद उसके नारे या उसका संगठनात्मक ढांचा नहीं था। बल्कि यह किसी मुद्दे को भावना में-और भावना को एक राजनीतिक वोट बैंक में-बदलने की उसकी क्षमता थी। ठीक यहीं पर पारंपरिक कळ-सेल की राजनीति पुरानी लगने लगती है। बीजेपी की डिजिटल रणनीति तब बहुत सफल रही थी जब राजनीति मुख्य रूप से स्थापित पार्टियों, उनके नेताओं और उनके नैरेटिव के बीच का मुकाबला हुआ करती थी। लेकिन इंटरनेट बदल गया है। अब सबसे असरदार राजनीतिक बातचीत जरूरी नहीं कि किसी पार्टी के आधिकारिक हैंडल से ही आए। यह किसी मीम पेज, छात्रों के समूह, किसी गुमनाम क्रिएटर या ऐसे आंदोलन से भी आ सकती है जिसकी राजनीतिक पहचान अभी बन ही रही हो।

# अल्पसंख्यकों की असुरक्षा से आतंकवाद तक पाक का यथार्थ



**1947 में जब पाकिस्तान वजूद में आया एवं 1951 की जनगणना में पूरे तत्कालीन पाकिस्तान में हिंदुओं की हिस्सेदारी लगभग 14.6 प्रतिशत थी, पाकिस्तान की 2023 की आधिकारिक जनगणना में 'हिंदू जाति' की आबादी 3,867,729 और 'अनुसूचित जाति' की आबादी 1,349,487 दर्ज की गई है। कुल आबादी 240.46 मिलियन है। इन दोनों श्रेणियों को जोड़ें तो हिस्सा लगभग 2.17 प्रतिशत बैठता है। अर्थात आज के पाकिस्तान में हिंदू समुदाय की जनसंख्या हिस्सेदारी अत्यंत सीमित रह गई है। इसके विपरीत भारत की स्थिति को भी तथ्यों के साथ ही देखना चाहिए।**

ललित गर्ग



पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिया गया हालिया बयान केवल एक जहरीली एवं कड़वी राजनीतिक टिप्पणी ही नहीं है, बल्कि पाकिस्तान की उस मानसिकता का आईना है, जिसमें भारत के प्रति कटुता, अविश्वास, नफरत और वैचारिक विरोध आज भी गहरे पैठे हुए हैं। जरदारी ने 'अखंड भारत' की अवधारणा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भारतीय इसमें विश्वास करते हैं, लेकिन वे मुसलमान होने के नाते इससे सहमत नहीं हैं। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान में हिंदुओं के सुरक्षित और सुखी होने का दावा भी किया। सवाल यह है कि दुनिया किसी राष्ट्राध्यक्ष के दावे पर विश्वास करे या आंकड़ों और जमीन पर दिखाई देने वाली वास्तविकता पर? इतिहास का न्याय भावनाओं से नहीं, तथ्यों से होता है। और पाकिस्तान के संदर्भ में जनसांख्यिकी, अल्पसंख्यकों की स्थिति, धार्मिक स्वतंत्रता और आतंकवाद-ये चारों क्षेत्र ऐसे आईने हैं जिनमें उसकी अपनी तस्वीर साफ दिखाई देती है।

1947 में जब पाकिस्तान वजूद में आया एवं 1951 की जनगणना में पूरे तत्कालीन पाकिस्तान में हिंदुओं की हिस्सेदारी लगभग 14.6 प्रतिशत थी, पाकिस्तान की 2023 की आधिकारिक जनगणना में 'हिंदू जाति' की आबादी 3,867,729 और 'अनुसूचित जाति' की आबादी 1,349,487 दर्ज की गई है। कुल आबादी 240.46 मिलियन है। इन दोनों श्रेणियों को जोड़ें तो हिस्सा लगभग 2.17 प्रतिशत बैठता है। अर्थात आज के पाकिस्तान में हिंदू समुदाय की जनसंख्या हिस्सेदारी अत्यंत सीमित रह गई है। इसके विपरीत भारत की स्थिति को भी तथ्यों के साथ ही देखना चाहिए। भारत की अंतिम प्रकाशित पूर्ण जनगणना 2011 की है। उसमें मुस्लिम आबादी 14.23 प्रतिशत, यानी 17.22 करोड़ दर्ज हुई थी। यही वह बिंदु है जहां भारत और पाकिस्तान के बीच वास्तविक अंतर सामने आता है। भारत ने धर्म के आधार पर नागरिकता की अवधारणा को राज्य की नागरिकता का आधार नहीं बनाया। संविधान ने हर नागरिक को समान नागरिक अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता और अपनी आस्था के पालन की स्वतंत्रता दी। भारत में मुसलमानों ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, न्यायपालिका, सेना, शिक्षा, उद्योग, कला, खेल और प्रशासन सहित जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, उसकी शक्ति है। इसके विपरीत पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों की स्थिति पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थाओं की रिपोर्टें गंभीर प्रश्न उठाती हैं। 'मन राइटस वाच की 2026 की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में ईशनिंदा कानूनों के दुरुपयोग ने धार्मिक अल्पसंख्यकों को हिंसा, मनमानी गिरफ्तारी और सामाजिक दबाव के प्रति अत्यंत संवेदनशील बना दिया है। रिपोर्ट में हिंदुओं, ईसाइयों और अहमदियों सहित अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा और जबरन विवाह-धर्मांतरण जैसी समस्याओं का उल्लेख है। 2023 में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के जरनवाला में ईशनिंदा के आरोपों के बाद चर्चों और ईसाई घरों पर भीड़ के हमले हुए। 'मन राइटस वाच ने पाकिस्तान में ईशनिंदा कानूनों के इस्तेमाल से अल्पसंख्यकों की संपत्ति पर कब्जे और उन्हें घर छोड़ने के लिए मजबूर किए जाने के मामलों का भी दस्तावेजीकरण किया है। ऐसे में जरदारी का यह कहना कि पाकिस्तान के हिंदू बहुत खुश हैं, एक झूठा, गुमराह करने वाला एवं भ्रामक राजनीतिक दावा तो हो सकता है, लेकिन उसे व्यापक तथ्यात्मक प्रमाण की कसौटी पर परखा जाना चाहिए। किसी देश में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं या नहीं, इसका प्रमाण केवल राष्ट्राध्यक्ष का बयान नहीं, बल्कि उनके नागरिक अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता, मंदिरों और पूजा स्थलों की सुरक्षा, कानून के सामने समानता तथा भयमुक्त जीवन है। भारत में सरकारों के खिलाफ मुसलमानों एवं अन्य अल्पसंख्यकों के द्वारा आवाज उठाई जा सकती है, न्यायालयों में चुनौती दी जा सकती है। यही लोकतांत्रिक भारत और धार्मिक-सामुदायिक असुरक्षा से जूझते पाकिस्तान के बीच बुनियादी अंतर है।

# दिल्ली को 200 नई इलेक्ट्रिक बसों की सौगात करनाल के लिए भी शुरू होगी ई-बस सेवा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त



राजधानी दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को और अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार ने कई महत्वपूर्ण पहल शुरू करने की घोषणा की है। दिल्ली में 200 नई शून्य-उत्सर्जन वाली इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जाएंगी। इसके साथ ही दिल्ली-करनाल के बीच अंतरराज्यीय इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू होगी। महिलाओं के लिए 56 विशेष बस सेवाएं भी संचालित की जाएंगी। इसके अलावा राजघाट डिपो-एक में सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग केंद्र की शुरूआत की जाएगी। दिल्ली सरकार के मुताबिक, 200 नई इलेक्ट्रिक बसों के शामिल होने के बाद राजधानी में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़कर 4938 हो जाएगी। सरकार की योजना वित्त वर्ष 2028-29 तक दिल्ली में बसों के बेड़े को करीब 14 हजार तक पहुंचाने की है। इससे राजधानी में सार्वजनिक परिवहन की क्षमता बढ़ने के साथ-साथ प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगी नई बसें

परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि नई 200 इलेक्ट्रिक बसों के शामिल होने के बाद दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में बसों की कुल संख्या करीब 6800 हो जाएगी। इनमें 4938 इलेक्ट्रिक और 1750 संपीड़ित प्राकृतिक गैस से चलने वाली बसें शामिल होंगी।

नई बसों में 12 मीटर लंबी 88 बसें और नौ मीटर लंबी 112 बसें शामिल हैं। ये सभी निचले तल वाली वातानुकूलित बसें हैं। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इनमें निगरानी कैमरे, आपातकालीन बटन, वास्तविक समय पर बस की स्थिति बताने वाली व्यवस्था और दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

दिल्ली और हरियाणा के बीच सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए दिल्ली-करनाल अंतरराज्यीय इलेक्ट्रिक बस सेवा भी शुरू की जाएगी। इस मार्ग पर पांच पूरी तरह इलेक्ट्रिक और वातानुकूलित बसें चलाई जाएंगी। करीब 133 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर दोनों दिशाओं में रोजाना 10 फेरे संचालित किए जाएंगे।

यह सेवा कश्मीरी गेट स्थित महाराणा प्रताप अंतरराज्यीय बस अड्डे को करनाल से जोड़ेगी। इस दौरान सिंघु सीमा, राय, भालगढ़, मुरथल, गन्नौर, समालखा, पानीपत, घरौंडा और मधुबन जैसे प्रमुख स्थानों से होकर बसें गुजरेंगी।

सरकार के अनुसार, यह सेवा यात्रियों को दिल्ली और हरियाणा के बीच स्वच्छ, आरामदायक और किफायती परिवहन विकल्प उपलब्ध कराएगी। इससे दिल्ली की इलेक्ट्रिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का विस्तार राजधानी की सीमाओं से बाहर तक होगा। महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली परिवहन निगम 56 विशेष इलेक्ट्रिक बस सेवाएं भी शुरू करेगा।

इनमें अधिक मांग वाले 15 मार्गों पर महिलाओं के लिए विशेष बसों के 30 फेरे और 13 मार्गों पर विश्वविद्यालय जाने वाली छात्राओं के लिए 26 फेरे शामिल होंगे। इन बस सेवाओं का उद्देश्य कामकाजी महिलाओं और छात्राओं को खासतौर पर व्यस्त समय में बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। इन सेवाओं के माध्यम से रिहायशी इलाकों को नेहरू प्लेस, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, साउथ एक्सटेंशन, आरके पुरम, कनॉट प्लेस, आईटीओ, दिल्ली सचिवालय, करोल बाग, कश्मीरी गेट और शिवाजी स्टेडियम जैसे प्रमुख क्षेत्रों से जोड़ा जाएगा।

विश्वविद्यालय जाने वाली छात्राओं के लिए विशेष बस सेवा हिंदू कॉलेज, रामजस कॉलेज, दौलत राम कॉलेज, श्रीराम कॉलेज, लेडी श्रीराम कॉलेज, गार्गी कॉलेज, आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज, हंसराज कॉलेज, एसपीएम कॉलेज, देशबंधु कॉलेज और श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थानों तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराएगी।

### राजघाट में बनेगा सार्वजनिक वाहन चार्जिंग केंद्र

दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जरूरी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से राजघाट डिपो-एक में सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग केंद्र भी शुरू किया गया है। इसमें 240 किलोवाट क्षमता वाले चार चार्जर लगाए गए हैं। इनसे बड़े वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ इलेक्ट्रिक कारों को भी चार्ज किया जा सकेगा। बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए 1600 किलोवोल्ट-एम्पियर क्षमता का उपकेंद्र भी स्थापित किया गया है। इस पूरी परियोजना पर करीब 5.50 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। दिल्ली परिवहन निगम की ओर से अन्य स्थानों पर भी अधिक क्षमता वाले चार्जिंग केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाना, दिल्ली-करनाल के बीच इलेक्ट्रिक बस गलियारा शुरू करना, महिलाओं के लिए विशेष बस सेवाएं उपलब्ध कराना और चार्जिंग ढांचे का विस्तार करना सार्वजनिक परिवहन को बदलने की व्यापक योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल बसों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि दिल्ली में ऐसा सार्वजनिक परिवहन तंत्र तैयार करना है जो स्वच्छ, सुरक्षित, आरामदायक और सभी नागरिकों के लिए आसानी से उपलब्ध हो।

## आईनॉक्स क्लीन एनर्जी ने वेना एनर्जी का 6,000 करोड़ में अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** आईनॉक्स क्लीन एनर्जी ने ब्लैकरॉक के स्वामित्व वाली जीआईपी की वेना एनर्जी इंडिया होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड का करीब 6,000 करोड़ रुपये में अधिग्रहण पूरा कर लिया है। वेना एनर्जी इंडिया, वेना समूह का भारत में नवीकरणीय ऊर्जा मंच है। कंपनी के मंगलवार को जारी बयान के अनुसार कई हितधारकों और वित्तपोषण भागीदारों की भागीदारी के बावजूद यह सौदा दो महीने के भीतर पूरा हुआ। यह नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में समझौते पर हस्ताक्षर से लेकर उसे पूरा करने तक के सबसे तेज सौदों में से एक है। आईनॉक्सजीएफएल समूह के कार्यकारी निदेशक ने बयान में कहा, वेना एनर्जी इंडिया का अधिग्रहण पूरा होना हमारी तेजी से काम पूरा करने की क्षमता को दर्शाता है। आईनॉक्स क्लीन, आईनॉक्सजीएफएल समूह का एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा मंच है।

## अमेरिका के क्वाट्र्ज शुल्क पर भारत ने डब्ल्यूटीओ में मांगा परामर्श

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** भारत ने अमेरिका के क्वाट्र्ज सरफेस उत्पादों पर लगाए गए आयात शुल्क को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में चुनौती दी है। भारत ने डब्ल्यूटीओ के सुरक्षा उपाय संबंधी समझौते के तहत अमेरिका के साथ परामर्श का अनुरोध किया है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 31 जुलाई को कई देशों से इन उत्पादों के आयात पर 50 प्रतिशत तक का भारी शुल्क-दर कोटा लगाने के आदेश के बाद उठाया गया है। क्वाट्र्ज सरफेस उत्पाद कृत्रिम पत्थर की पट्टियां होती हैं, जो मुख्य रूप से सिलिका (क्वाट्र्ज, क्वाट्र्ज पाउडर, कांच के पाउडर) और रेजिन बाइंडर को मिलाकर बनाई जाती हैं। ट्रंप के आदेशानुसार यह उपाय 15 अगस्त से प्रभावी हो गया है। इसके तहत निर्धारित कोटा से अधिक होने वाले आयात पर 50 प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगाया जाएगा। डब्ल्यूटीओ ने हाल ही में जारी एक सूचना में भारत के इस अनुरोध की पुष्टि की है। संगठन ने कहा कि पर्याप्त हित होने के कारण भारत ने सुरक्षा उपाय संबंधी समझौते के तहत अमेरिका से परामर्श मांगा है। भारत ने दोनों पक्षों की आपसी सुविधा के अनुसार ऑनलाइन परामर्श का प्रस्ताव रखा है।

## ऑगमोंट का 825 करोड़ का आईपीओ 21 अगस्त से

**मुंबई, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** एकीकृत सोना-चांदी मंच संचालित करने वाली ऑगमोंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड अपना 825 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 21 अगस्त को लॉन्च करने जा रही है। यह आईपीओ 25 अगस्त तक बोली के लिए खुला रहेगा, जिसके जरिए कंपनी बाजार से महत्वपूर्ण पूंजी जुटाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी ने अपने आईपीओ का प्राइस बैंड 750 रुपए से 788 रुपए प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया है। इस निर्गम में 620 करोड़ रुपए के नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि 205 करोड़ रुपए के शेयर बिक्री पेशकश के तहत होंगे। ऑगमोंट एंटरप्राइजेज देश के 24 राज्यों में कारोबारियों और उपभोक्ताओं को सोना-चांदी से संबंधित एकीकृत सेवाएं प्रदान करती है। आईपीओ के लिए एंकर निवेशकों की बोली 20 अगस्त को खुलेगी। सफल बोलीदाताओं को 31 अगस्त को बीएसई और एनएसई पर शेयरों की लिस्टिंग प्रस्तावित है। नए शेयरों के निर्गम से जुटाई गई राशि का उपयोग मुख्य रूप से कंपनी की भविष्य की कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने, कारोबार के विस्तार और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

# एयर इंडिया ने नियामक आवश्यकता से अधिक किए पायलट्स के टेस्ट, यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त ।**





एयर इंडिया ने मंगलवार को ऐलान किया कि उसके द्वारा सभी पायलट के स्वेच्छा से किए जा रहे टेस्ट जरूरी नियामक आवश्यकताओं से अधिक हो गए हैं। यह उसके यात्रियों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का हिस्सा है। यह जानकारी एयरलाइन की ओर से जारी बयान में दी गई।

एयरलाइन ने कहा कि सभी पायलट के टेस्ट जारी हैं और सभी पक्षकारों और मीडिया से अपील की कि वे किसी भी अनवेरिफाइड जानकारी पर आधारित रिपोर्ट या जानकारी पर विश्वास न करें। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, 'सुरक्षा और प्रोफेशनलिज्म के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के तहत, एयर इंडिया ने रेगुलेटरी जरूरतों से आगे बढ़कर सभी पायलटों के लिए स्वेच्छा से एक टेस्टिंग प्रोग्राम शुरू किया है।' एयरलाइन ने कहा, 'यह प्रक्रिया अभी चल रही है, इसलिए हम मीडिया और अन्य संबंधित पक्षों से अनुरोध करते हैं कि वे बिना पुष्टि वाली या बिना आधार वाली जानकारी के आधार पर कोई अटकलें न लगाएं और न ही कोई रिपोर्टिंग करें।' एयरलाइन ने आगे कहा कि किसी भी तरह का आकलन करने से पहले प्रक्रिया के पूरा होने और तथ्यों की पुष्टि होने का इंतजार करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हफ्ते की शुरूआत में एयर इंडिया के दो और पायलट एयरलाइन द्वारा किए गए शुरूआती ड्रग टेस्ट में फेल हो गए हैं। यह टेस्ट एक बड़े स्क्रीनिंग प्रोग्राम के तहत किए गए थे, जिसे हाल ही में फुकेत-दिल्ली फ्लाइट में हुई एक घटना के बाद शुरू किया गया था।

एनडीटीवी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि फाइनल टेस्ट के नतीजों का अभी भी इंतजार है और पुष्टि होने तक दोनों पायलटों को ड्यूटी से हटा दिया गया है। टाटा ग्रुप की एयरलाइन ने एक नई स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के तहत सभी पायलटों के लिए ड्रग टेस्ट का आदेश दिया। यह कदम तब उठाया गया जब फुकेत-दिल्ली फ्लाइट के पायलट-इन-कमांड के विमान के लैंड करने के बाद हुए दो यूरिन टेस्ट में फेल होने की बात सामने आई।

# बाल शोषण से संबंधित सामग्री पर कार्रवाई तेज करेगा मेटा
## सरकार के साथ हुई चर्चाओं के बाद उठाए सख्त कदम

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त ।**




अमेरिकी टेक दिग्गज मेटा ने भारत में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम) के प्रसार और दोबारा अपलोड होने की घटनाओं को रोकने के प्रयास तेज कर दिए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह कदम केंद्र सरकार के साथ चल रही चर्चाओं के बीच उठाया जा रहा है, जिसमें अवैध सामग्री के प्रबंधन और डिजिटल मंचों की जिम्मेदारियों पर विशेष जोर दिया गया है।

एनडीटीवी प्रॉफिट ने रिपोर्ट किया कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) और मेटा के बीच हुई चर्चाओं का मुख्य फोकस उन अवैध सामग्रियों के प्रबंधन पर रहा है जिन्हें एक बार हटाए जाने के बाद फिर से प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जाता है। सरकार का मानना है कि केवल सामग्री हटाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके दोबारा प्रसार को भी रोकना आवश्यक है।

मेटा ने इस दिशा में कई कदम उठाने शुरू किए हैं और कंपनी विशेष रूप से सतर्क है, क्योंकि बाल यौन शोषण सामग्री भारतीय कानून के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आती है। कंपनी ऐसे मामलों की पहचान, हटाने और पुनः अपलोड को रोकने के लिए अपनी प्रणालियों को और मजबूत कर रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी उन मामलों पर भी काम कर रही है, जिनमें पहले चिन्हित और हटाई जा चुकी सामग्री किसी नए रूप या अलग माध्यम से दोबारा प्लेटफॉर्म पर दिखाई देती है। इसके लिए उन्नत तकनीकी प्रणालियों और पहचान तंत्र का उपयोग किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार ने मेटा सहित डिजिटल मंचों को स्पष्ट किया है कि यदि वे लागू भारतीय कानूनों का पालन नहीं करते हैं, तो उन्हें 'सेफ हार्बर' सुरक्षा का लाभ नहीं मिल सकता। यह सुरक्षा सामान्यतः डिजिटल मंचों को उपयोगकर्ताओं द्वारा साझा की गई सामग्री के लिए सीमित कानूनी संरक्षण प्रदान करती है।

हालांकि अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि सरकार का उद्देश्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सेंसरशिप लागू करना नहीं है। सरकार का मुख्य ध्यान इस बात पर है कि डिजिटल मंच भारतीय कानूनों और नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

रिपोर्ट के अनुसार, सरकार का मानना है कि डिजिटल मंचों को सामाजिक हित और संभावित नुकसान के बीच संतुलन स्थापित करना चाहिए। विशेष रूप से सोशल मीडिया से जुड़ी लत (एडिक्शन), शोषणकारी सामग्री का प्रसार और उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा जैसे मुद्दे लगातार चिंता का विषय बने हुए हैं।

सरकारी सूत्रों ने बताया कि सामग्री निगरानी और नियंत्रण नीतियां बनाते समय भारत की सामाजिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

सरकार चाहती है कि वैश्विक तकनीकी कंपनियां भारतीय संदर्भ को समझते हुए अपनी नीतियों को लागू करें।

## सोना-चांदी धड़ाम! एक दिन में 3,500 रुपए तक टूटे दाम

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त ।**

सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बाजार खुलते ही सोने के दाम 1,000 रुपये तक और चांदी 2,600 रुपये तक नीचे आ गई। सुबह एक घंटे के भीतर दोनों कीमती धातुओं में करीब 3,500 रुपये तक की गिरावट देखी गई, जिसने सोमवार की पूरी बढ़त को खत्म कर दिया। घरेलू वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सुबह बाजार खुलने के बाद 5 अक्टूबर की डिलीवरी वाला सोना 870 रुपये की गिरावट के साथ 1,55,070 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा। वहीं 4 सितंबर की डिलीवरी वाली चांदी में 2,598 रुपये की कमी आई और यह 2,35,450 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर कारोबार कर रही थी। मंगलवार को सराफा बाजार में 24 कैरेट सोने का भाव 15,589 रुपये प्रति ग्राम रहा, जबकि 22 कैरेट सोना 14,290 रुपये प्रति ग्राम और 18 कैरेट सोना 11,692 रुपये प्रति ग्राम ..

# सरकार ने ईवी, हाइड्रोजन और सीएनजी से चलने वाले वाणिज्यिक वाहनों की आयु सीमा 5 साल बढ़ाने का रखा प्रस्ताव

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त ।**




केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परमिट प्रणाली के अंतर्गत आने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), हाइड्रोजन ईंधन आधारित वाहनों और प्राकृतिक गैस (सीएनजी) से चलने वाले वाणिज्यिक वाहनों की निर्धारित आयु सीमा में 5 वर्ष की अतिरिक्त बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) द्वारा हाल ही में जारी एक अधिसूचना के अनुसार, यह प्रस्ताव राष्ट्रीय परमिट प्रक्रियाओं को सरल बनाने और डिजिटल प्रक्रियाओं के उपयोग को बढ़ाने के लिए एक मसौदा संशोधन का हिस्सा है, जिन पर सरकार ने आम जनता, उद्योग जगत और अन्य हितधारकों से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित किए हैं। इसके लिए 30 दिनों का समय दिया गया है। इन सुझावों पर विचार करने के बाद अंतिम नियमों को राजपत्र (गजट) में प्रकाशित किया जाएगा, जिसके बाद ही वे लागू होंगे। केंद्रीय मोटर वाहन नियम (सीएमवीआर), 1989 में संशोधन के मसौदे में प्रस्तावित प्रावधान में राष्ट्रीय परमिट प्रक्रियाओं को सरल बनाने और प्रक्रिया को डिजिटल बनाने का भी प्रयास किया गया है। मुख्य प्रस्ताव नियम 88 में है, जो राष्ट्रीय परमिट प्रणाली के अंतर्गत वाहनों की आयु सीमा निर्धारित करता है।

# पेटीएम में हिस्सेदारी बिक्री से वीएसएस को नहीं होगा लाभ

**» मुंबई, यूटर्न/ 18 अगस्त ।**




वन97 कम्युनिकेशंस (पेटीएम) में रेजिलिएंट एसेट मैनेजमेंट बीवी की 4.98 प्रतिशत हिस्सेदारी की प्रस्तावित बिक्री से पेटीएम संस्थापक विजय शेखर शर्मा को कोई सीधा वित्तीय लाभ नहीं मिलेगा। इस सौदे से मिलने वाला पूरा पैसा एंटफिन के खाते में जाएगा। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार यह बिक्री शर्मा की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई रेजिलिएंट एसेट मैनेजमेंट बीवी और एंटफिन के बीच अगस्त 2023 से चले आ रहे वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय ऋणपत्र समझौते (ओसीडी) के तहत हो रही है। इस लेनदेन से प्राप्त पूरी राशि एंटफिन को ही मिलेगी, जबकि शर्मा की पेटीएम में लगभग नौ प्रतिशत प्रत्यक्ष हिस्सेदारी में कोई बदलाव नहीं आएगा। यह उनके कंपनी के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अगस्त 2023 में, रेजिलिएंट ने एंटफिन से पेटीएम की लगभग 10.2 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी और बदले में एंटफिन को ओसीडी जारी किए थे।

तब से, इन शेयरों पर आर्थिक हित एंटफिन का रहा है, जबकि कानूनी एवं मतदान संबंधी अधिकार रेजिलिएंट के पास हैं। पेटीएम ने स्पष्ट किया है कि वह इस प्रस्तावित बिक्री में पक्षकार नहीं है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब पेटीएम की लाभप्रदता में लगातार सुधार हो रहा है।

# मारुति सुजुकी की फ्रोंक्स ने बनाया रिकॉर्ड, 2 लाख निर्यात का आंकड़ा छूने वाली भारत की सबसे तेज एसयूवी बनी

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त ।**



देश की अग्रणी वाहन निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने मंगलवार को बताया कि उसकी लोकप्रिय एसयूवी फ्रोंक्स ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। फ्रोंक्स ने 38 महीनों से भी कम समय में 2 लाख यूनिट निर्यात का आंकड़ा पार कर लिया है और इसके साथ ही यह उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की सबसे तेज एसयूवी बन गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि भारत में निर्मित फ्रोंक्स का निर्यात जून 2023 में शुरू हुआ था और इस मॉडल ने पहले 1 लाख यूनिट निर्यात का मील का पत्थर 25 महीनों से कम समय में हासिल कर लिया था।

इसके बाद अगले 1 लाख यूनिट निर्यात केवल लगभग 13 महीनों में पूरे हो गए, जो अंतरराष्ट्रीय बाजारों में इसकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

बयान में कहा गया है कि गुजरात के हंसलपुर स्थित मारुति सुजुकी फैक्ट्री में निर्मित फ्रोंक्स को वर्तमान में जापान सहित लगभग 90 देशों में निर्यात किया जा रहा है। वैश्विक बाजारों में इसकी मजबूत मांग ने इसे भारत के सबसे सफल निर्यातित यात्री वाहनों में शामिल कर दिया है। मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ हिसाशी ताकेउची ने कहा कि कंपनी द्वारा निर्यात किया जाने वाला हर वाहन भारतीय कर्मचारियों की मेहनत और देश की विनिर्माण क्षमता का प्रतीक है।

## संक्षिप्त खबरें

### मानेसर में प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरने पर दो कॉमर्शियल टावर सील

**मानेसर, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** नगर निगम मानेसर की टैक्स विंग ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को निगम की टीम ने टैक्स बकाया होने पर दो कॉमर्शियल टावरों को सील कर दिया। टैक्स असिस्टेंट उदय सिंह के नेतृत्व में निगम की टीम ने सेक्टर-8 स्थित प्लॉट नंबर सीपी-2 में बने कॉमर्शियल टावर को सील किया। इस टावर पर करीब 7 करोड़ 7 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। इसके अलावा निगम की टीम ने सेक्टर-2 स्थित अमरापाली कॉरपोरेट हब के जे टावर को भी सील कर दिया। इस टावर पर करीब 60 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। दोनों टावरों पर कुल करीब 7 करोड़ 67 लाख रुपये का टैक्स बकाया है। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त लोकेश यादव ने बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में कई ऐसी इमारतें हैं, जिन पर लंबे समय से प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। इन संपत्ति मालिकों को टैक्स जमा करने के लिए कई बार नोटिस दिए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद टैक्स जमा नहीं कराया गया। अब निगम की टीम ऐसी इमारतों को सील करने की कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि सील किए जाने के बाद भी अगर संबंधित लोग बकाया टैक्स जमा नहीं करते हैं तो निगम नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई करेगा।

### जलभराव और खराब सड़कों से मिलेगी राहत, 10 दिन में शुरू होगा काम

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** राजेंद्र नगर सेक्टर-5 के लोगों को जलभराव और जर्जर सड़क से जल्द राहत मिलेगी। नगर निगम की ओर से क्षेत्र में करीब चार करोड़ की लागत से आरसीसी नाले और सड़क का निर्माण कराया जाएगा। परियोजना की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और 10 दिनों में निर्माण कार्य शुरू किए जाने की तैयारी है। नगर निगम के निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एनके चौधरी ने बताया कि सेक्टर-5 में बारिश के दौरान कई स्थानों पर पानी भर जाता है। लंबे समय से पानी की निकासी न होने से लोग परेशान थे। जलभराव से सड़कें भी खराब हो चुकी है। अब निगम ने नाले के साथ सड़क का भी पुनर्निर्माण कराने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि नाले का निर्माण कराया जाएगा और डामर की सड़क बनाई जाएगी। इससे करीब 30 हजार की आबादी को सीधे-सीधे लाभ मिलेगा। यातायात सुगम होने के साथ लोगों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

# बिजली घर में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट व किया पथराव

» **लोनी, यूटर्न/ 18 अगस्त ।**

बॉर्डर थानाक्षेत्र के बलराम नगर बिजली घर पर कर्मचारियों के साथ मारपीट और पथराव करने का मामला सामने आया है। मारपीट में तीन कर्मचारी घायल हुए और उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ितों की ओर से पुलिस को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी कपिल 33 केवी विद्युत उपकेंद्र बलराम नगर में बतौर पेट्रोल मैन संविदा कर्मी के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े दस बजे दीपक त्यागी अपने 2-3 साथियों सहित बिजलीघर पहुंचा। वहां पर मौजूद विद्युत कर्मियों से गाली गलौज करने लगा तो उन्होंने



विरोध करते हुए समझाने का प्रयास किया। आरोप है कि दीपक त्यागी व उसके साथियों ने शराब के नशे में हमला करना शुरू कर दिया और मारपीट की। आरोपियों ने उनके साथ सहकर्मी कन्हैया, प्रदीप, समीर को भी पीटा। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि सरकारी दस्तावेज व गले से सोने की चेन भी गायब थी। भीड़ ने बिजलीघर पर पथराव किया गया और विद्युत आपूर्ति बंद करने का प्रयास किया।

# होटल के कमरे में मिला फंदे पर लटका मिला महिला हेड कांस्टेबल का शव

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 18 अगस्त ।**

दिल्ली पुलिस की एक महिला हेड कांस्टेबल का शव रविवार रात राजेंद्र नगर स्थित एक होटल में मिला। महिला अपने साथी हेड कांस्टेबल के साथ होटल में रुकी थीं। फॉरेंसिक टीम की शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस सभी दृष्टिकोण से जांच कर रही है और महिला हेड कांस्टेबल के साथी से भी पूछताछ कर रही है। वहीं, होटल में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली जा रही है। अभी तक मृतका के परिजन की ओर से शिकायत नहीं दी गई है।

पुलिस ने बताया कि मसूरी के नूरपुर निवासी पूर्व प्रधान की अविवाहित बेटी अदिति (37) दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर इन दिनों उस्मानपुर थाने में तैनात थीं। 15 अगस्त की शाम को अदिति पहुंची थी और उनके ही थाने में तैनात साथी हेड कांस्टेबल रात करीब 10 बजे होटल पहुंचा था। रात 10: 42 बजे साथी हेड कांस्टेबल होटल से चला गया। अगले दिन रविवार दोपहर करीब 12 बजे होटल कर्मचारी गौरव कमरे में पहुंचा तो अंदर से दरवाजा नहीं खुला। इस पर उसने दूसरी चाबी से कमरे का गेट खोला तो देखा कि अदिति का शव फंदे से पंखे पर लटका हुआ था। उसने तुरंत होटल प्रबंधन को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आया है। सोमवार शाम को परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। पुलिस ने बताया कि होटल रिकॉर्ड से पता चला कि जनवरी 2026 से अब तक दोनों करीब 30 से अधिक बार होटल में ठहर चुके थें। जबकि पिछले साल भी कई एंट्री होटल में मिली है।

# रक्षाबंधन पर स्वदेशी राखियों की धूम, 25 हजार करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त ।**

रक्षाबंधन के त्योहार से पहले देशभर के बाजारों में स्वदेशी राखियों की मांग तेजी से बढ़ी है। इस बार राखियां सिर्फ भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी उत्पाद और राष्ट्रभावना से जुड़ी थीम के साथ भी बाजार में आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। व्यापारियों के संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक, इस वर्ष देशभर में राखी का कारोबार करीब 25 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि इस साल राखी के कारोबार में पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 45 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान है। पिछले वर्ष राखी का कारोबार करीब 17 हजार करोड़ रुपये रहा था, जबकि 2023 में यह आंकड़ा लगभग 12 हजार करोड़ रुपये था। राखी के अलावा मिठाई, उपहार, कपड़े और पैकेजिंग समेत अन्य त्योहारी सामानों का कारोबार जोड़ने पर कुल व्यापार 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक पहुंचने की उम्मीद है।

इस बार बाजार में पारंपरिक राखियों के साथ अलग-अलग राष्ट्रीय अभियानों और उपलब्धियों से प्रेरित राखियां भी लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

इनमें 'विकसित भारत राखी', 'मोदी गारंटी राखी', 'ब्रह्मोस राखी', 'आत्मनिर्भर भारत राखी', 'वोकल फॉर लोकल राखी', 'भारत गौरव राखी', 'नारी वंदन राखी', 'लखपति दीदी राखी', 'नमामि गंगे राखी', 'राष्ट्र रक्षा सूत्र राखी' और 'अमृतकाल राखी' शामिल हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि इन राखियों के जरिए बहनें रक्षा सूत्र के साथ राष्ट्र निर्माण, महिला सशक्तीकरण, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संदेशों को भी सामने ला रही हैं।

खासकर बच्चों और युवाओं में ब्रह्मोस, राष्ट्र रक्षा सूत्र और विकसित भारत थीम वाली राखियों को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है।

### अलग-अलग राज्यों की खास राखियां बनीं आकर्षण

देश के अलग-अलग हिस्सों में स्थानीय कला और संस्कृति से जुड़ी राखियां भी बाजार में अपनी पहचान बना रही हैं। नागपुर की खादी राखी, जयपुर की सांगानेरी कला राखी, पुणे की बीज राखी, कोलकाता की जूट राखी, असम की चाय पत्ती राखी, मुंबई की सिल्क राखी, बिहार की मधुबनी राखी और बांस से बनी जनजातीय राखियां लोगों को पसंद आ रही हैं।

इसके अलावा मोती से बनी राखियां भी बाजार में बिक्री का आकर्षण बनी हुई हैं। इन स्थानीय उत्पादों से छोटे कारीगरों, महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और लघु उद्योगों को बड़ा बाजार मिलने की उम्मीद है।

कैट का दावा है कि इस साल देशभर के बाजारों में चीनी राखियों की मांग लगभग नहीं के बराबर है और व्यापारी स्वदेशी राखियों को प्राथमिकता दे रहे हैं। संगठन का कहना है कि 'वोकल फॉर लोकल' और आत्मनिर्भर भारत की भावना के चलते भारतीय निर्मित राखियों के प्रति ग्राहकों का रुझान बढ़ा है। कैट के राष्ट्रीय चेयरमैन बृजमोहन अग्रवाल ने व्यापारियों और उपभोक्ताओं से आगामी त्योहारों पर भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की।

# दंपती मौत मामला : परिजनों ने शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

**लोनी, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** अगरौला गांव के पास शुक्रवार को सड़क हादसे में ढाबा संचालक दंपती की मौत के विरोध में रिश्तेदार और परिजन ने दिल्ली-देहरादून हाईवे पर मृतका राखी का शव रखकर जाम लगाया। उन्होंने मृतक दंपती के बच्चों के लिए आर्थिक मदद की मांग की। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को पत्राचार करने का आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद ही परिजन ने महिला के शव को सड़क से उठवाया। करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा। एसीपी लोनी रामकिशन ने बताया कि तेज रफ्तार कार की टक्कर से शनिवार को मंडोला निवासी बाइक सवार कपिल (31) और उनकी पत्नी राखी (30) भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान कपिल की उसी दिन मौत हो गई थी और राखी का उपचार दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में चल रहा था। रविवार को इलाज के दौरान राखी ने भी दम तोड़ दिया और पोस्टमार्टम के बाद सोमवार दोपहर उनका शव लोनी पहुंचा। परिजन और मोहल्ले के लोगों ने दिल्ली-देहरादून हाईवे पर राखी का शव रखकर हंगामा करते हुए जाम लगा दिया। साथ ही शासन-प्रशासन से कपिल और राखी के बच्चों के लिए आर्थिक मदद की मांग की। हाईवे जाम की सूचना पर वह मौके पर पहुंचे और परिजन से बात कर शव को सड़क से हटवाया और शासन-प्रशासना से पत्राचार करके मदद कराने की बात कही। आश्वासन के बाद लोग शव लेकर चले गए। एसीपी ने बताया कि आरोपी चालक को गिरफ्तार करके कार को जब्त कर लिया है। मंडोला गांव निवासी कपिल और उनकी पत्नी राखी दोनों अगरौला गांव में ढाबा चलाते थे। उनके भाई शुभम ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढे दस बजे भाई-भाभी बाइक पर ढाबे से घर लौट रहे थे।

# जंतर-मंतर प्रदर्शन : दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में अत्यधिक बल प्रयोग के आरोपों से किया इनकार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 अगस्त ।**

जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग करने के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि 20 जुलाई को संसद की ओर प्रस्तावित मार्च गैरकानूनी था।

पुलिस के मुताबिक, प्रदर्शन के दौरान भीड़ के हिंसक और अनियंत्रित होने के बाद हालात को नियंत्रित करने के लिए चरणबद्ध तरीके से बल का इस्तेमाल किया गया।

डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस सचिन शर्मा की ओर से दाखिल हलफनामे में कहा गया है कि पुलिस ने उपलब्ध और वैध तरीकों के तहत स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। पुलिस का दावा है कि प्रदर्शन के दौरान भीड़ ने कई स्तर की बैरिकेडिंग तोड़कर संसद की ओर बढ़ने का प्रयास किया। इसके बाद स्थिति



शांतिपूर्ण रही और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, 20 जुलाई को जंतर-मंतर और उसके आसपास के इलाके में 30 हजार से अधिक प्रदर्शनकारी मौजूद थे। करीब तीन किलोमीटर के क्षेत्र में फैली इतनी बड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगभग पांच हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। पुलिस ने अपने जवाब में भीड़ के आकार और सुरक्षा व्यवस्था का भी उल्लेख किया है।

यह हलफनामा उन याचिकाओं के जवाब में दाखिल किया गया है, जिनमें छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित पुलिस ज्यादती की कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग की गई है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, यह जवाब इस मामले से जुड़ी चार याचिकाओं में साझा जवाब के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाएगा।

पुलिस ने अपने हलफनामे में कहा है कि प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने की कार्रवाई अचानक नहीं की गई बल्कि हालात बिगड़ने के बाद चरणबद्ध तरीके से कदम उठाए गए। पुलिस का कहना है कि भीड़ के बैरिकेडिंग पार करने और संसद की ओर बढ़ने के प्रयास के बाद कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी हो गया था।

### प्रतिबंधित मांझे की बिक्री पर छापा, 10 बंडल बरामद, दो दुकानदारों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** प्रतिबंधित मांझे की चपेट में आने से युवक की गर्दन कटने की घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस और सीएम फ्लाइंग की संयुक्त टीम ने पर्वतीय चौकी क्षेत्र में दो दुकानों पर छापा मारकर प्रतिबंधित मांझे के 10 बड़े बंडल बरामद किए। पुलिस ने दोनों दुकानदारों को गिरफ्तार कर लिया।



टीम को सूचना मिली थी कि भड़ाना चौक और नगला रोड स्थित केडी पब्लिक स्कूल के पास प्रतिबंधित मांझे की बिक्री की जा रही है। टीम ने केडी पब्लिक स्कूल के पास योगेश की दुकान पर छापा मारा, जहां एक पेटी से चार बड़े बंडल बरामद हुए। इसके बाद भड़ाना चौक निवासी अंकित की दुकान की जांच की गई, जहां से छह बंडल मिले।

जांच में सामने आया कि बरामद मांझा औद्योगिक इस्तेमाल के लिए बताया गया था। इसके बावजूद आरोप है कि दोनों दुकानदार इसे पतंग उड़ाने के लिए बेच रहे थे। पुलिस ने मांझा कब्जे में लेकर दोनों दुकानदारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। गौरतलब है कि रविवार को प्रतिबंधित मांझे की चपेट में आने से एक युवक की गर्दन कट गई थी। घटना के बाद पुलिस ने प्रतिबंधित मांझे की बिक्री और इस्तेमाल के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

### फ्रॉम पिंक टू पावर पैनल में शामिल होंगी

# तापसी पन्नू

## सिनेमा में महिलाओं की रूढ़ियों पर होगी बात



अभिनेत्री तापसी पन्नू एक फिल्म फेस्टिवल में 'फ्रॉम पिंक टू पावरः ब्रेकिंग स्टीरिओटाइप थ्रू सिनेमा' नाम के पैनल का हिस्सा बनने वाली हैं। अभिनेत्री का मानना है कि सिनेमा तब और दिलचस्प बन जाता है जब महिला किरदारों को पेचीदा और बेधड़क दिखाया जाता है। स्पेशल सेशन में शामिल होने पर अभिनेत्री ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मेरे लिए, स्टीरियोटाइप्स को तोड़ना हमेशा एक रिस्क लेने और एक ऐसी महिला का किरदार अदा करने से हुआ है, जो शायद उस वर्जन में फिट न हो जिसकी लोग उम्मीद करते हैं। इस सेशन में बात होगी कि कैसे सिनेमा गहराई से जमी हुई रूढ़ियों पर सवाल उठा सकता है।

कैसे ये पर्दे पर महिलाओं को दिखाने का तरीका बदल सकता है और दर्शकों को घिसी-पिटी कहानियों से आगे सोचने के लिए प्रेरित कर सकता है।' अभिनेत्री ने बताया कि फेस्टिवल में वे खुद की जर्नी, करियर बनाने वाले फैसलों और पारंपरिक सोच से अलग हटकर काम करने के रिस्क के बारे में बातें करेंगी। साथ ही वो ये भी बताएंगी कि सिनेमा के जरिए सवाल उठाना, लोगों को सोचने पर मजबूर करना और प्रेरित करना कितनी बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, 'पिंक और थप्पड़ जैसी फिल्में एक बड़ी बहस का हिस्सा बनी थीं क्योंकि उन फिल्मों में मेरे द्वारा निभाए गए किरदारों को एक तय सांचे पर फिट करने के लिए नहीं बनाया गया था। मैं हमेशा से मानती हूं कि सिनेमा तब और ज्यादा दिलचस्प होता है, जब हम महिलाओं को कम कमजोरियों वाली, पेचीदा, महत्वाकांक्षी और बेधड़क अपने जैसी दिखाने की इजाजत देते हैं। इस फिल्म फेस्टिवल में इन फैसलों और इनसे शुरू हुई बातचीत पर चर्चा करने के लिए मैं बहुत ज्यादा उत्सुक हूं।' यह फिल्म फेस्टिवल 20 अगस्त से 23 अगस्त 2026 तक नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। अभिनेत्री तापसी पन्नू की हाल ही में फिल्म अस्सी में नजर आई थीं। अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित इस कोर्टरूम ड्रामा फिल्म में तापसी एक निडर वकील की भूमिका में हैं जो गैंगरेप सर्वाइवर को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करती है।



### सामंथा रुथ प्रभु के लिए अब 'कंप्रेशन सॉक्स' ही हैं फैशन, पैरों की सूजन के साथ साझा किया नया पोस्ट

मुंबई, 18 अगस्त (आईएएनएस)। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपने पहले बच्चे के स्वागत की तैयारी में जुटी हुई हैं और इसी बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने बदलते फैशन को लेकर एक ऐसी पोस्ट साझा की, जिसने लोगों का ध्यान खींच लिया। दरअसल, उन्होंने पैरों में पहने जाने वाले कंप्रेशन सॉक्स को ही अपना नया फैशन बता दिया। सामंथा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में उनके पैर सूजे हुए नजर आ रहे हैं और उन्होंने कंप्रेशन सॉक्स पहने हुए है। इसी तस्वीर के साथ सामंथा ने बेहद छोटे लेकिन मजेदार अंदाज में लिखा, ''अब जिसे मैं फैशन कहती हूं- कंप्रेशन सॉक्स।'' दरअसल, आमतौर पर फैशन को कपड़ों, जूतों और गहनों से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन सामंथा ने अपनी मौजूदा स्थिति में आराम देने वाले सॉक्स को ही फैशन का नया नाम दे दिया। गर्भावस्था के दौरान पैरों और पंजों में सूजन की समस्या आम होती है। ऐसे में कंप्रेशन सॉक्स पैरों में आराम देने और ब्लड सुकुर्लेशन को बेहतर बनाए रखने में मदद करते हैं।

दरअसल, सामंथा ने जून 2026 में अपनी प्रेग्नेंसी की आधिकारिक पुष्टि की थी। अभिनेत्री और उनके पति फिल्मकार राज निदिमोरु, अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। सामंथा ने यह खबर अपनी फिल्म 'मा इंटी बंगाराम' की सफलता के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में साझा की थी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया था कि वह कुछ समय के लिए अभिनय से दूरी बनाएंगी और मातृत्व अवकाश लेंगी। मीडिया से बातचीत में सामंथा ने कहा था कि 'मा इंटी बंगाराम' के बाद उन्हें अपनी मौजूदा स्थिति को देखते हुए थोड़ा ब्रेक लेना पड़ेगा और इसके बाद वह एक और फिल्म के साथ अपने फैंस के बीच वापस लौटेंगी।

## बार्सिलोना के स्टार फुटबॉलर फेरान अब पीएसजी से खेलते दिखेंगे

» मैड्रिड, यूटर्न/ 18 अगस्त ।




विश्वप कप में स्पेन की टीम को जीत दिलाने वाले बार्सिलोना के स्टार फुटबॉलर फेरान टोरेस अब पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) से जुड़ सकते हैं। बार्सिलोना अपने फारवर्ड टोरेस को करीब 50 मिलियन यूरो में फ्रांसीसी क्लब को बेचने के लिए तैयार है। इस मामले में दोनों क्लबों के बीच बातचीत पूरी हो गयी और अब केवल जरूरी औपचारिकताएं ही बची हैं। बताया जा रहा है कि फेरान का पीएसजी के साथ पांच साल का करार है। इस स्थानांतरण की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए अभी मेडिकल जांच और कुछ कागजी कार्रवाई होनी बाकी है।

गौरतलब है कि टोरेस को जनवरी 2021 में मैनचेस्टर सिटी ने 55 मिलियन यूरो से अधिक की रकम लेकर बार्सिलोना को बेचा था। उसके बाद से ही वह स्पेनिश क्लब के साथ बने हुए हैं। हालांकि, क्लब में उनका सफर हमेशा एक प्रमुख शुरूआती खिलाड़ी के तौर पर नहीं रहा। हांसी फ्लिक के 2024 में टीम की जिम्मेदारी संभालने के बाद, टोरेस को मुख्य रूप से रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के विकल्प के तौर पर सेंटर फारवर्ड की भूमिका में उपयोग किया गया।

इसके बावजूद, उन्होंने सीमित अवसरों का पूरा लाभ उठाया भुनाया है और कई मुकाबलों में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर मैदान पर उतरकर टीम के लिए निर्णायक साबित हुए। पिछले दो सत्रों में, उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं को मिलाकर 94 मैचों में 40 गोल किए हैं। उनकी गति, गेंद पर नियंत्रण और आक्रमण में कई स्थानों पर खेलने की क्षमता ने उन्हें बार्सिलोना के लिए एक उपयोगी खिलाड़ी बनाए रखा।

टोरेस ने हाल ही में स्पेन की विश्व कप जीत में भी अहम भूमिका निभाई थी। पिछले महीने स्पेन और अर्जेंटीना के बीच हुए विश्व कप फाइनल में उन्होंने अतिरिक्त समय में स्पेन के लिए निर्णायक गोल दागा था, जिससे स्पेन ने दूसरी बार विश्व कप खिताब जीता। राष्ट्रीय टीम के लिए इतनी बड़ी भूमिका निभाने के कुछ ही समय बाद उनका क्लब बदलना फुटबॉल जगत में खासा चर्चा का विषय बन गया है।

# रूट को कप्तान बनाया जाना सही : ब्रूक

» लंदन, यूटर्न/ 18 अगस्त ।




इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अनुभवी बल्लेबाज जो रुट को कप्तान बनाये जाने को एक सही कदम बताया है। बेन स्टोक्स के संन्यास के बाद रुट को कप्तानी दी गयी जबकि ब्रूक भी कप्तानी के दावेदार थे। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड क्रिकेट एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है और इस बदलाव के दौरान रूट को कप्तानी की जिम्मेदारी दिये जाने से टीम को लाभ होगा। इंग्लैंड टीम 19 अगस्त से शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान का सामना करने के लिए तैयार है, जिसमें रूट एक बार फिर कप्तानी की कमान संभालेंगे। ब्रूक जून में स्टोक्स के संन्यास के समय उप-कप्तान थे, उन्होंने रूट को फिर से कप्तान बनाए जाने के फैसले का स्वागत किया। ब्रूक ने कहा, रूट को कप्तान बनाने का फैसला एकदम सही है। मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि वह क्या कर सकते हैं। वह निश्चित रूप से इस काम को संभालने के लिए सबसे सही व्यक्ति हैं। मैं उनके साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। सीमित ओवरों की टीम के कप्तान ब्रूक ने टेस्ट डेब्यू करने के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के दौरों पर उनका प्रदर्शन शानदार रहा, जहां टेस्ट में उनका औसत क्रमशः 84.10 और 75.44 रहा पर अक्टूबर 2025 में एक नाइटक्लब में हुए झगड़े के बाद उनका करियर कठिन दौर में फंस गया। इस घटना पर ब्रूक ने कहा, यह एक कठिन दौर था, खासकर जब मैं घर पर था और मीडिया का सामना करने की तैयारी कर रहा था। मुझे लगता है कि उस दौरान मैंने जो जज्बा दिखाया। मैदान पर जाकर अच्छा प्रदर्शन करना और सफेद गेंदब टीम की अच्छी तरह से कप्तानी करना। उस पर मुझे खुद गर्व है। मैं यह नहीं कहना चाहता कि इससे मुझे मदद मिली पर इसने मुझे एहसास कराया कि इंग्लैंड का कप्तान होना कितनी बड़ी बात है। यह सिर्फ मैदान पर लीडरशिप की बात नहीं है। अगर आप मैदान के बाहर भी जिम्मेदारी के साथ नेतृत्व कर सकते हैं, तो इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ता है। इंग्लैंड बोर्ड ने ब्रूक पर जुर्माना लगाया और चेतावनी दी पर उनकी सीमित ओवरों की कप्तानी बरकरार रही।

# यशस्वी के बदले पंड्या को शामिल कर सकती है रॉयल्स

**मुम्बई, यूटर्न/** 18 अगस्त । बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईपीएल के अगले सत्र में राजस्थान रॉयल्स की जगह पर किसी और टीम से खेलते दिख सकते हैं। इसका कारण ये है कि रॉयल्स यशस्वी को आईपीएल 2027 से पहले रिलीज कर सकता है। ये भी अटकलें हैं कि वह मुंबई इंडियंस के साथ ट्रेड कर ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को शामिल कर सकता है। ऐसे में यश्स्वी मुम्बई के पास चले जाएंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान प्रबंधन और यशस्वी के बीच मतभेद है। इसका सबसे बड़ा कारण रियान पराग को उनसे पहले कप्तानी सौंपना है। हालांकि, इस पूरे मामले पर रॉयल्स और यशस्वी की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। गौरतलब है कि आईपीएल 2026 में यशस्वी ने 16 मैचों में 427 रन बनाए थे, जिसमें उनका औसत 30.50 और स्ट्राइक रेट 152.50 रहा। इस सत्र में वे केवल तीन अर्धशतक ही लगा सके। दूसरी ओर उनके सलामी जोड़ीदार वैभव सूर्यवंशी ने 16 मैचों में 237.30 की स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए। जिससे यशस्वी के प्रदर्शन पर किसी का ध्यान नहीं गया। का प्रदर्शन थोड़ा फीका पड़ गया। वहीं रॉयल्स को इस समय एक तेज गेंदबाज ऑलराउंडर की सख्त जरूरत है। पिछले साल भी उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के साथ एक बड़े ट्रेड में संजू सैमसन के बदले सैम करन और रवींद्र जडेजा को अपनी टीम में शामिल किया था।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# दक्षिण कोरिया : मूसलाधार बारिश से तबाही संवेदनशील इलाकों में आवाजाही पर प्रतिबंध

» सोल, यूटर्न/ 18 अगस्त ।



दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में रिकॉर्ड तोड़ बारिश ने भारी तबाही मचाई है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि शनिवार से जारी मूसलाधार बारिश के कारण अब तक कुल 2,574 ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें लोगों को भारी नुकसान पहुंचा है। इनमें घरों और सड़कों में पानी भरने, पेड़ गिरने और अन्य घटनाएं शामिल हैं।

योनहाप न्यूज एजेंसी ने बताया कि केंद्रीय आपदा एवं सुरक्षा प्रतिरोध मुख्यालय के अनुसार, मंगलवार सुबह छह बजे तक दर्ज मामलों में 162 मामले बचाव अभियानों से जुड़े हैं। बारिश से अब तक एक व्यक्ति की मौत हुई है और चार लोग घायल हुए हैं। इनमें से दो घायलों और मृतक का मामला दक्षिणी शहर जियोझे में भूस्खलन से जुड़ा है, जहां भारी बारिश के कारण एक अपार्टमेंट इमारत प्रभावित हुई।

बारिश के कारण दक्षिण ग्योंगसांग प्रांत, पड़ोसी शहर बुसान और दक्षिणी द्वीप जेजू में 560 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इनमें से 316 लोग अपने घर लौट चुके हैं, जबकि 248 लोग अभी भी वापस नहीं जा सके हैं।

भारी बारिश से बिजली आपूर्ति और जलापूर्ति भी प्रभावित हुई है। दक्षिण ग्योंगसांग प्रांत के जियोझे में शुक्रवार आधी रात से मंगलवार सुबह पांच बजे तक 956.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसी अवधि में टोंगयोंग में 766.9 मिमी, बुसान के गाडेओक द्वीप पर 518 मिमी, जेजू के सेओगसन में 477 मिमी और साचेओन में 430.5 मिमी बारिश हुई। मेट विभाग के अनुसार, शुक्रवार आधी रात से मंगलवार सुबह 5 बजे तक साउथ ग्योंगसांग प्रांत के जिओजे में 956.1 मिमी; टोंगयोंग में 766.9 मिमी; बुसान के गादेओक आइलैंड पर 518.0 मिमी; जेजू के सेओंगसान में 477.0 मिमी; और साउथ ग्योंगसांग प्रांत के साचेओन में 430.5 मिमी तक पहुंच गई। हालांकि, भारी बारिश की चेतावनियां अब हटा ली गई हैं, लेकिन खतरा पूरी तरह टला नहीं है।

## अमेरिका और ईरान के बीच 14 सूत्री समझौते की अवधि समाप्त

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** अमेरिका और ईरान के बीच 17 जून को हुआ 14 सूत्री समझौता ज्ञापन यानी एमओयू सोमवार को अपनी 60 दिन की अवधि पूरी होने के साथ ही समाप्त हो गया है, लेकिन दोनों देशों के बीच का पुराना गतिरोध अब भी पूरी तरह बरकरार है। स्थिति यह है कि समझौते की मियाद पूरी होने के बाद दोनों देशों के बीच दूरियां और अधिक बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता के जरिए ईरानी राष्ट्रपति और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच इस 14 सूत्री एमओयू पर आपसी सहमति बनी थी, जिसके तहत दोनों पक्षों ने सैन्य कार्रवाई को तत्काल और स्थायी रूप से रोकने पर रजामंदी जताई थी। इस समझौते के दायरे में लेबनान का मुद्दा भी शामिल था और इसके तहत अमेरिका को आगामी 30 दिनों के भीतर अपनी नाकेबंदी को पूरी तरह खत्म करना था।

अंतिम समझौता होने के बाद ईरान के आसपास से अमेरिकी बलों को हटाने और ईरान के लिए 300 अरब डॉलर का एक बड़ा आर्थिक पैकेज तैयार किए जाने की बात कही गई थी। अमेरिका ने ईरान पर से प्रतिबंध हटाने, उसके तेल निर्यात के लिए विशेष छूट देने और विदेशों में जमा उसकी रुकी हुई रकम तक पहुंच की अनुमति देने पर अपनी सहमति व्यक्त की थी। वहीं, दूसरी ओर ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य से बारूदी सुरंगें हटानी थीं तथा अगले 60 दिनों तक पोतों को बिना किसी शुल्क के सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराना था। तेहरान ने इस दौरान परमाणु हथियार बनाने की दिशा में कोई भी कोशिश न करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता भी जताई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### एर्दोगन ने ट्रम्प से ईरान के साथ वार्ता जारी रखने का किया आग्रह

**अंकारा, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने के लिए कूटनीति का अधिकतम उपयोग करने तथा दोनों देशों के बीच वार्ता जारी रखने का आग्रह किया है। तुर्की के राष्ट्रपति प्रशासन ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि श्री एर्दोगन और श्री ट्रम्प के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर चर्चा की। बयान के अनुसार, राष्ट्रपति एर्दोगन ने ईरान और अमेरिका के बीच तनाव को दूर करने के लिए कूटनीति का अधिकतम उपयोग करने के महत्व पर जोर दिया और बातचीत जारी रहने की उम्मीद जताई।

उन्होंने कहा कि तुर्की शांति स्थापित करने के प्रयासों का समर्थन करता रहेगा। श्री एर्दोगन ने कहा कि अंकारा, पाकिस्तान और सऊदी अरब के साथ मिलकर तीनों देशों के बीच हुए संयुक्त रक्षा समझौते के तहत क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ रुख अपना रहा है। उन्होंने गाजा पट्टी की स्थिति पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि गाजा में शांति प्रक्रिया के दूसरे चरण की ओर बढ़ने के प्रयासों के बीच फिलिस्तीनियों के खिलाफ इजरायली अधिकारियों की कार्रवाई बढ़ गई है।

### अमेरिका ने बातचीत में रुकावट डालने पर ओमान को दी धमकी

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगी देश ओमान को उनके प्रशासन और ईरान के बीच बातचीत में रुकावट डालने की स्थिति में बम से उड़ाने की धमकी दी है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका और ओमान, दोनों ही तेहरान के साथ अलग-अलग बातचीत कर रहे हैं ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोला जा सके। यह जलमार्ग वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत जरूरी है। अमेरिका-ईरान तनाव के दौरान यह रास्ता लगभग छह महीनों से ज्यादा समय से बंद रहा है। 'फॉक्स' के एक रिपोर्टर ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने ओमान को यह धमकी एक फोन इंटरव्यू के दौरान अपशब्द का इस्तेमाल करते हुए दी। इससे पहले दिन में ईरानी अधिकारियों ने कहा था कि वे ओमान के साथ एक समझौते को अंतिम रूप देने के करीब हैं।

# पीएम मोदी ने भारत के विकास में निभाई बदलावकारी भूमिका, इजरायल में भी हैं बेहद लोकप्रिय : रूवेन अजार



नई दिल्ली, 18 अगस्त (आईएएनएस)। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की और भारत के विकास में उनके बदलाव लाने वाली भूमिका की भी सराहना की। यरुशलम में इजरायली संसद नेसेट के विशेष पूर्ण सत्र में इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को याद करते हुए इजरायली राजनयिक ने आईएएनएस से विशेष बातचीत में कहा कि इजरायल के लोग प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हैं। दुनिया के कई अन्य देशों की तरह इजरायल में भी प्रधानमंत्री मोदी को बेहद सम्मान और लोकप्रियता हासिल है।

रूवेन अजार ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के विकास में एक बदलावकारी भूमिका निभाई है। जब आप यहां रहते हैं, जब आप भारत के विकास के आंकड़े देखते हैं, जब आप यहां युवा पीढ़ी के सशक्तीकरण, अर्थव्यवस्था की विकास दर, बुनियादी ढांचे के निर्माण, सुधारों को देखते हैं तो यह स्पष्ट दिखता है और यह तथ्य है कि अब भारत दुनिया के लिए खुल रहा है।ह्व

इस बीच, अमेरिका और ईरान के बीच 60 दिनों का युद्धविराम सोमवार को खत्म होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि तेहरान वाशिंगटन के साथ समझौता करना चाहता है, लेकिन वह उस तरह के समझौते को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है जिसे वह जरूरी मानते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका का होर्मुज स्ट्रेट पर पूरा नियंत्रण है, जबकि ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने सोमवार को कहा कि ईरान और ओमान स्ट्रेट में समुद्री यातायात के नए मार्ग के नक्शे पर सहमत हो गए हैं।

अजार ने कहा कि ईरान काफी हद तक कमजोर हो चुका है और वह होर्मुज स्ट्रेट में अपनी हरकतों के जरिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय और अमेरिका से जबरन वसूली करने की कोशिश कर रहा है। इजरायली राजदूत ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह ईरान की तरफ से बहुत ही नासमझी भरा कदम है और इसकी दो वजहें हैं। पहली वजह यह है कि पहले से ही कई देश होर्मुज स्ट्रेट को बाईपास करने वाले पाइपलाइन बनाने में लगे हुए हैं। हमने इराक से तुर्किए और सीरिया होते हुए भूमध्य सागर तक 60 अरब डॉलर की पाइपलाइन बनाने की खबर देखी। हम निश्चित रूप से सऊदी अरब की पूर्व-पश्चिम पाइपलाइन के बारे में जानते हैं। खाड़ी में एक और पाइपलाइन की योजना है जो इराक से सीधे संयुक्त अरब अमीरात तक जाएगी। संयुक्त अरब अमीरात में भी एक पाइपलाइन को अपग्रेड किया जा रहा है ह्व

उन्होंने कहा कि ईरान का ये कदम बहुत ही नासमझी वाला है। आखिरकार इससे कोई विकल्प नहीं निकलेगा और न ही यह ईरान को अपनी उस बड़ी हार को छिपाने में जीत दिलाएगा जो उसे सैन्य और आर्थिक दोनों मोर्चों पर मिली ह्व तेल अवीव के कई सुरक्षा विश्लेषकों का मानना है कि पाकिस्तान ने सऊदी अरब और तुर्किए के साथ हाल ही में हुए पारस्परिक रक्षा समझौते को इजरायल और भारत के खिलाफ एक व्यापक एकजुट मुस्लिम मोर्चे में बदलने की कोशिश की है।




## चीन में मानवों का काम फटाफट कर रहे हैं रोबोट कर्मचारी

**बीजिंग, यूटर्न/ 18 अगस्त ।** दुनिया में चीन रोबोट्स टेक्नालॉजी में काफी आगे निकल चुका है। चीन में कूड़ा उठाने से लेकर मच्छर भगाने तक रोबोट्स कर्मचारी कर रहे हैं। इतना ही नहीं, पार्कों की चौकीदारी भी रोबोट कर्मचारी कर रहे हैं। यह चीन की बढ़ती प्रौद्योगिकी क्षमता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो मानव श्रम को मशीनी बुद्धिमत्ता से प्रतिस्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीजिंग के मशहूर समर पैलेस में तैनात सफाई रोबोट सिर्फ 30 सेकंड में अपना काम शुरू कर देते हैं। पार्क कर्मचारी मोबाइल ऐप का उपयोग करके इन्हें सफाई का क्षेत्र और मोड चुनकर देते हैं, जिसके बाद रोबोट अपने आप पूरे इलाके की सफाई करने लगते हैं। इन रोबोट्स में लगे सेंसर आसपास के माहौल को पहचानते हैं, जिससे वे कूड़ा उठाते हैं, किनारों की सफाई करते हैं, और जरूरत पड़ने पर पानी का छिड़काव भी करते हैं।

इनकी इंटेलिजेंस इतनी उन्नत है कि सामने कोई व्यक्ति या वाहन आने पर ये खुद ही रास्ता बदल लेते हैं, जिससे बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के सुचारू रूप से काम होता रहता है। पार्कों में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से लैस गाइड रोबोट भी लगाए गए हैं। ये रोबोट तय रास्तों पर चलते हुए सैलानियों को पार्क की जानकारी देते हैं, उनके सवालों के जवाब देते हैं।

# पाकिस्तान में छापा, 40 चीनी समेत 258 विदेशी हिरासत में

» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 18 अगस्त ।



पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में कथित स्कैम कॉल सेंटर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने 258 विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। इनमें 40 चीनी और 170 वियतनामी नागरिक शामिल हैं। कार्रवाई सोमवार को राजधानी के बाहरी इलाके गुलबर्ग ग्रीन स्थित एक हाउसिंग सोसायटी में की गई, जहां कथित तौर पर विदेशी नागरिक संगठित तरीके से कॉल सेंटर चला रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक, हिरासत में लिए गए लोगों पर ऐसी व्यावसायिक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है, जिनकी उनके वीजा की शर्तों के तहत अनुमति नहीं थी। छापेमारी के बाद सभी संदिग्धों की पहचान, राष्ट्रीयता, वीजा दस्तावेज और कथित कॉल सेंटर में उनकी भूमिका की जांच शुरू कर दी गई है। मामले में आगे की कार्रवाई जांच पूरी होने के बाद की जाएगी।

अधिकारियों के अनुसार, हिरासत में लिए गए अधिकांश विदेशी नागरिक टूरिस्ट वीजा पर पाकिस्तान पहुंचे थे। जांच एजेंसियों का आरोप है कि उन्होंने पाकिस्तान में रहते हुए ऐसी व्यावसायिक गतिविधियों में हिस्सा लिया, जिसकी उनके वीजा के तहत अनुमति नहीं थी। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक एक ही परिसर में मिले। इसके बाद अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। हिरासत में लिए गए लोगों को पूछताछ और आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए रावलपिंडी की जेल में रखा गया है।

अधिकारियों ने संबंधित देशों के दूतावासों को कार्रवाई की जानकारी दे दी है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि कथित कॉल सेंटर में किस तरह की गतिविधियां संचालित की जा रही थीं और हिरासत में लिए गए लोगों की इसमें क्या भूमिका थी। पाकिस्तान में कथित अवैध कॉल सेंटरों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई पहले भी हो चुकी है। जुलाई 2025 में की गई एक छापेमारी के दौरान 149 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें 71 विदेशी नागरिक शामिल थे और बड़ी संख्या में चीनी नागरिकों के होने की बात सामने आई थी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *